Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 358 | बुधवार, 31 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## इंदौर में मचा हड़कंप

# दूषित पानी पीने से अब तक आठ लोगों की मौत

**इंदौर।**

देश के स्वच्छतम शहर और वाटर प्लस (अपशिष्ट जल प्रबंधन) का तमगा हासिल कर चुके इंदौर में दूषित पानी पीने से एक-एककर आठ लोगों की मौत हो गई। घटना भागीरथपुरा क्षेत्र की है। यहां बीते कई दिनों से रहवासी गंदा पानी सप्लाई होने की शिकायत कर रहे थे। सोमवार को जब 100 से अधिक लोगों को उल्टी-दस्त होने पर अस्पताल तक जाना पड़ा तब जाकर मामले की गंभीरता पता चली। उल्टी- दस्त से मंगलवार तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों की लापरवाही का आलम यह है कि क्षेत्र में 26 दिसंबर को उल्टी-दस्त से पहली मौत हुई थी, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटी। सोमवार को अस्पताल पहुंचे करीब 100 में से 34 लोगों की स्थिति इतनी खराब थी कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां, भागीरथपुरा का बड़ा हिस्सा प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र इंदौर-एक में आता है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा क्षेत्र में सर्वे किया। पता चला कि अधिकतर घरों में उल्टी-दस्त के मरीज हैं। मंगलवार को ही नगर निगम की टीम ने दूषित पानी की वजह जानने के लिए क्षेत्र की जल वितरण लाइनों की जांच की। पता चला कि जिस मुख्य लाइन से पूरे भागीरथपुरा में पानी वितरित होता है, उसी के ऊपर सार्वजनिक शौचालय बना हुआ है। मुख्य लाइन फूटने की वजह से ड्रेनेज सीधे उसमें मिलकर रहवासियों के घरों तक पहुंच रहा था। इसके अलावा भी क्षेत्र में कई अन्य जगह पेयजल की वितरण लाइन में टूट-फूट मिली। फिलहाल पूरे भागीरथपुरा में नर्मदा नदी के पानी की सप्लाई बंद कर टैंकरों के माध्यम से जल वितरण की व्यवस्था की गई है। साथ ही उन्होंने इस दुखद हादसे में क्षेत्र का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए है। इस संबंध में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि भागीरथपुरा मामलें में जोनल अधिकारी शालिग्राम सितोले, सहायक यंत्री श्री योगेश जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और प्रभारी उपयंत्री पीएचई शुभम श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है।

**सीएम ने दिए जांच के आदेश**



### मृतकों के परिवार को दो-दो लाख रुपये की सहायता

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई घटना बेहद दुखद है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों को दो–दो लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। मरीजों के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी।

## नोएडा में आज और कल धारा 163 लागू, नियम तोड़कर सड़कों पर किया हुड़दंग तो हवालात में कटेगी रात

**नोएडा।** नए साल के जश्न में शहर में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमिश्नरेट के अधिकारियों ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की है। अपर पुलिस उपायुक्त कानून एवं व्यवस्था ने शराब पीकर हुड़दंग मचाने, शांति भंग करने व अन्य तरीके से माहौल खराब करने की कोशिश पर हवालात में रात कटवाने की सख्त हिदायत दी है। अपर पुलिस उपायुक्त राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि आज रात को नएवर्ष का कार्यक्रम शुरू होने से एक जनवरी 2026 को कार्यक्रम समाप्त होने तक धारा-163 लागू रहेगी। इस बीच कोई भी व्यक्ति पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्तों की पूर्व अनुमति के बिना पांच से अधिक संख्या में कोई जुलुस नहीं निकालेगा। सरकारी कार्यालयों के ऊपर व आसपास एक किमी की परिधि में ड्रोन से शूटिंग करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। शासन के निदेर्शानुसार धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की ध्वनि 40 से 75 डेसीबल, आवासीय इलाको में दिन में 55 डेसीबल रात में 45 डेसीबल, औद्योगिक क्षेत्रों में दिन में 75 डेसीबल और रात में 70 डेसीबल, व्यावसायिक क्षेत्रों में दिन में 65 डेसीबल व रात में 55 डेसीबल जबकि साइलेन्स जोन में दिन में 50 डेसीबल एवं रात में 40 डेसीबल से अधिक नहीं होगी।

## सार संक्षेप

### महाकाल मंदिर में नहीं मिला था प्रवेश, अब असद खान घर वापसी कर बने अथर्व त्यागी





**सागर।** मुस्लिम परिवार से होने के बावजूद असद खान की बजरंग बली के प्रति गहरी आस्था है। वह शिवभक्त भी हैं। असद बताते हैं कि वह पिछले दिनों उज्जैन में भगवान महाकाल का दर्शन करने गए थे, लेकिन कुछ लोगों द्वारा पहचान लिए जाने के कारण दर्शन नहीं कर पाए। तभी से वह आहत थे।

उन्होंने सनातन में वापसी का निर्णय ले लिया था। सोमवार को असद ने वाराणसी में सनातन धर्म में वापसी की। गंगा के बीच में नाव पर 21 ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच असद की घर वापसी कराई गई। वह शुद्धिकरण प्रक्रिया के बाद अथर्व बन गए। असद ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से काशी के ब्राह्मणों से अपनी घर वापसी संस्कार के लिए संपर्क किया था। असद की घर वापसी का अनुष्ठान कराने वाले आलोक योगी ने बताया कि पहले असद का शुद्धिकरण किया गया। उसके बाद पूजन करा कर उनके घर वापसी की प्रक्रिया पूरी की गई और उनका नामकरण किया गया। उन्हें नया नाम अथर्व त्यागी प्रदान किया गया। अथर्व ने बताया कि वह इंजीनियर हैं। मध्य प्रदेश के सागर जिले के रहने वाले हैं।

### बिहार के 20 जिलों में औद्योगिक क्षेत्र का होगा विकास



**मुजफ्फरपुर।** राज्य के 20 जिलों में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक उद्योग लगाए जा सकें। सरकार की प्राथमिकता में यह शामिल है। इसके लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। विभिन्न संस्थानों द्वारा सामाजिक प्रभाव का आकलन किया जाना है। रैयतों के साथ जनसुनवाई भी की जा रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव ने सभी संबंधित जिलों को नियमित रूप से अब सामाजिक प्रभाव का आकलन करने वाले संस्थानों के साथ भी समीक्षा बैठक करने को कहा है ताकि उन्हें कार्य की गंभीरता व प्रगति का अपडेट मिलता रहे और वे अपने हिस्से के कार्य को तत्परता से पूरा करें। इसके अलावा पूर्व से जिन कंपनियों के उद्योग जिलों में स्थापित हैं, उनसे भी संपर्क रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कार्य से भी अवगत कराने को कहा है ताकि अगर उक्त कंपनियों के प्रतिनिधि भी नए उद्योग लगाने के लिए इच्छुक हों तो उन्हें कार्य की प्रगति का अपडेट देना अनिवार्य है। इससे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का उद्देश्य भी पूरा होगा। उन्होंने सामाजिक प्रभाव का आकलन करने के दौरान पुनर्वास पर विशेष रूप से ध्यान देने को कहा है ताकि कोई परिवार भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हो तो उन्हें पुनर्वास योजना का लाभ दिया जा सके। जिले के पारू में 700 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। यह कार्य अभी प्रारंभिक फेज में है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अलावा नालंदा, भागलपुर, सुपौल, कटिहार, औरंगाबाद, गोपालगंज, गया, मुंगेर, वैशाली, सारण, शेखपुरा, शिवहर, बांका, रोहतास, दरभंगा, पूर्णिया, भोजपुर, सहरसा व पटना में भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है।

**मुजफ्फरपुर के पारू में 700 एकड़ का प्लान**

## छत्तीसगढ़ में रेबीज संक्रमित कुत्ते के काटे बकरे की बलि

**अंबिकापुर।**



छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में पारंपरिक पूजा के दौरान एक रेबीज संक्रमित कुत्ते द्वारा काटे गए बकरे की बलि दी गई। इस बकरे को लगभग 15 अन्य बकरों के साथ पकाया गया और इसके बाद पके मांस को गांव के लगभग 400 लोगों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में रेबीज फैलने की आशंका को लेकर चिंता का माहौल है। सरगंवा गांव में हर तीन वर्ष में निकाली पूजाका आयोजन होता है, जिसमें स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा की जाती है।

## पेरू में दो ट्रेनों की आमने-सामने टक्कर, ड्राइवर की मौत और 40 से अधिक घायल

**कुस्को (पेरू)।**

पेरू के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल माचू पिचू की ओर जाने वाली रेल लाइन पर मंगलवार को दो पर्यटक ट्रेनों की आमने-सामने की भयानक टक्कर हो गई, जिसमें एक ट्रेन ड्राइवर की मौत हो गई और 40 से अधिक यात्री घायल हो गए। दुर्घटना ओलांतायतांबो और आगुआस कालिएंतेस (माचू पिचू पुएब्लो) के बीच पंपाकाहुआ सेक्टर में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान इंका रेल के ड्राइवर रोबर्टो काडेर्नास लोयजा के रूप में हुई है। घायलों में कई विदेशी पर्यटक शामिल हैं, जिनमें अमेरिकी नागरिक भी हैं। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लगभग 20 घायलों की हालत गंभीर है। अमेरिकी दूतावास ने भी पुष्टि की कि दुर्घटना में अमेरिकी नागरिक घायल हुए हैं। दुर्घटना में शामिल ट्रेनें इंका रेल एस.ए. और पेरू रेल एस.ए. की थीं, जो मुख्य रूप से माचू पिचू जाने वाले पर्यटकों को ले जाती हैं।



## साल के आखिरी दिन भी जहरीली हवा

**नई दिल्ली।**

साल के आखिरी दिन 31 दिसंबर की सुबह भी दिल्ली-एनसीआर को जहरीली हवा से राहत नहीं मिली। बुधवार सुबह 7 बजे राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) 384 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (उढउइ) के मुताबिक, दिल्ली के अधिकतर इलाकों में अदक 350 से 450 के बीच रिकॉर्ड किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) ने 31 दिसंबर को मध्यम से घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, 1 जनवरी को राजधानी समेत मैदानी इलाकों में कई जगहों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट और दृश्यता पर असर पड़ने की आशंका है।



## पुतिन को टारगेट करने पर भड़का रूस, बेलारूस में तैनात की हाइपरसोनिक ओरेश्निक मिसाइल



**मॉस्को।**

यूक्रेन युद्ध के चलते बढ़ते तनाव के बीच रूस ने परमाणु बम का हमला करने में सक्षम ओरेश्निक हाइपरसोनिक मिसाइलों को पड़ोसी मित्र देश बेलारूस में तैनात कर दिया है। बेलारूस कई रूस विरोधी देशों के करीब है, इसलिए वहां से मिसाइल दागने पर आकाश में उसके नष्ट होने की संभावना कम हो जाएगी।

वैसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दागे जाने के बाद ओरेश्निक को रोक पाना असंभव है। आवाज की गति से 10 गुना ज्यादा तेज गति (12 हजार किलोमीटर प्रति घंटा) से हमला करने वाली ओरेश्निक को रूस ने पहली बार प्रदर्शित किया और बेलारूस में तैनात किया है। यह मिसाइल 5,500 किलोमीटर की दूरी तक हमला कर सकती है। बेलारूस और रूस के सीमावर्ती इलाकों में तैनाती के बाद यूरोप के लगभग सभी देश और अमेरिका का पश्चिमी भाग ओरेश्निक के निशाने पर आ जाएंगे। खास बात यह है कि इस मिसाइल को मोबाइल लांचर से भी दागा जा सकता है। बेलारूस ने कहा है कि पश्चिमी देशों के आक्रामक रुख को देखते हुए यह तैनाती की गई है। यह तैनाती इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि बेलारूस से यूक्रेन की राजधानी कीव बहुत कम दूरी पर है।

## दिल्ली-यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में घना कोहरा और गलन भरी सर्दी



**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत कड़ाके की ठंड, घने कोहरे और प्रदूषण की चपेट में है। पंजाब के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, जबकि दिल्ली में घना कोहरा और स्मॉग ने विजिबिलिटी को शून्य के करीब पहुंचा दिया है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ताजा बर्फबारी की वजह से सैलानी खुश तो हैं, लेकिन सड़कें प्रभावित हो रही हैं। भारतीय मौसम विभाग (कटऊ) ने नए साल की पूर्व संध्या पर विशेष अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में 31 दिसंबर तक घना से बहुत घना कोहरा छाया रहेगा, जो 1 जनवरी तक जारी रह सकता है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 30 दिसंबर से सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश हो रही है, जो नए साल तक जारी रहने की संभावना है। पंजाब और हरियाणा में भी 31 दिसंबर से हल्की बारिश हो सकती है। पंजाब में बठिंडा, गुरदासपुर जैसे इलाकों में तापमान 4-6 डिग्री तक गिर गया है, जिससे कोल्ड वेव की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री के आसपास है, लेकिन घने कोहरे और प्रदूषण ने सांस लेना मुश्किल कर दिया है। दिल्ली का अदक 'वेरी पूअर' से 'सीवियर' कैटेगरी में पहुंच गया है, कई इलाकों में 400 के पार दर्ज किया गया। कोहरे की वजह से फ्लाइट्स और ट्रेनें देरी से चल रही हैं, विजिबिलिटी कई जगहों पर 50 मीटर से कम है। हिमाचल के मनाली, शिमला और ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी ने सफेद चादर बिछा दी है, लेकिन ऊंचाई वाले पास बंद होने का खतरा है। उत्तराखंड में भी घना कोहरा और ठंड का असर है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह ठंड और कोहरा जनवरी की शुरूआत तक बना रहेगा। नए साल के जश्न मनाने वालों से अपील है कि यात्रा करते समय सावधानी बरतें, गर्म कपड़े पहनें और मास्क का इस्तेमाल करें। कोहरा और प्रदूषण से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सतर्क रहना चाहिए। यह मौसम का दौर नए साल में भी चुनौतियां ला सकता है।

**नए साल पर IMD अलर्ट**

## संपादक की कलम से

# ट्रैफिक जाम से लांघता सैलानी

वर्षांत पर्यटन की हर दहलीज को लांघते वाहनों की शुमारी में, परिवहन व्यवस्था की रेजगारी बिखर रही है। इसमें दो राय नहीं कि पर्यटन की महफिल में हिमाचल का कद ऊंचा हुआ है, लेकिन अव्यवस्था के नासूर पूरी तरह फैले हुए हैं। क्रिसमस से न्यू ईयर तक सैलानियों के जत्थे हिमाचल को छान रहे हैं, तो रास्ते सजा देते हैं। पर्यटक स्थल सुविधाओं से महरूम नजर आते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

सफाई व्यवस्था की गवाही में कूड़े के ढेर और घूमने–फिरने के लिए न पार्क, न वाहन रहित मॉल और न ही मनोरंजन की सुविधाएं। दर्जनों झीलें, झरने, धरोहर गांव, मंदिर, कबाइली लाइफ, प्रकृति के नजारे, लेकिन हम पर्यटक को होटल दिखाना चाहते हैं। निवेश की सारी धरती पर कंक्रीट की गवाही में पर्यटन की संभावनाएं क्षीण हो रही हैं। इसलिए धर्मशाला कार्निवाल में आए पंजाबी गायक बब्बू मान अपील कर देते हैं, बचा लो इस हिमाचल की आभा को बचा लो। प्रदेश में शिमला–धर्मशाला के दो कार्निवाल जाहिर तौर पर वर्षांत पर्यटन के फलक पर अपनी भूमिका को निखार रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में मंदिरों की घंटियां, अटल टनल का संवाद, राजधानी शिमला का आधार और दर्जनों पर्यटक स्थलों की रौनक में आई बहार देख सकते हैं। अगर सैलानी शिमला पहुंचना चाहते हैं, तो इस सफर के गवाह बने ट्रैफिक जाम परवाणू–सोलन से शिमला तक सारा गुड़ गोबर कर देते हैं। पिछले एक दशक से धूम मचा रहे बीड़–बिलिंग की सारी मजबूरियां ट्रैफिक जाम में उलझ जाती हैं। जोगिंद्रनगर, भुंतर, बनीखेत–डलहौजी, कसौली, चिंतपूर्णी, दियोटसिद्ध ही नहीं, हर कस्बे–शहर से डेस्टिनेशन की ओर गुजरते पर्यटक को कई–कई घंटे के जाम से लांघना पड़ता है। सबसे वीभत्स दृश्य कांगड़ा के समीप मटौर चौक का है, जहां हर दिन तीन दिशाओं में ट्रैफिक जाम लगता है। इसी तरह धर्मशाला–मकलोडगंज और अटल टनल मार्ग पर मीलों लंबे ट्रैफिक जाम लगते हैं। होटलों में भले ही अस्सी से सौ फीसदी आक्यूपेंसी दर्ज होती है, लेकिन सडक पर पूरा सीजन रोता है। ऐसे में पर्यटन की मजबूती के लिए परिवहन की योजना को इंगित करना होगा। हर पर्यटक स्थल से दस से बीस किलोमीटर पहले ही वाहनों के ठहराव के लिए महापार्किंग मैदान विकसित करने होंगे और जहां से आगे या तो रोपवे, सार्वजनिक इलेक्ट्रिक गाडियों या प्री पेड टैक्सियों से यातायात अनिवार्य किया जाए। पर्यटन के साक्षी अब होटल नहीं, बड़े–बड़े मैदान, पार्क, मनोरंजन स्थल और पार्किंग व परिवहन की वैकल्पिक व्यवस्था से ही साबित होंगे। इतना ही नहीं, कुछ प्रादेशिक सडकों को पर्यटन सडक का दर्जा देकर विकसित करना होगा। बहुत पहले जब शांता कुमार केंद्रीय मंत्री थे, तो उन्होंने धौलाधार के साथ–साथ एक ऐसे मार्ग की परिकल्पना की थी, जो डलहौजी से धर्मशाला और आगे जोगिंद्रनगर तक इसी अवधारणा को आवाज दे रहा था। अब शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ऐसी ही एक परियोजना के तहत नड्डी से डलहौजी को जोडे का संकल्प रखते हैं। उतराला से होली, चुवाड़ी सुरंग से चंबा तथा बाकी तमाम सुरंग मार्ग अगर निर्मित होते हैं, तो ये पर्यटन मार्ग बन जाएंगे।

## नीलम सिंह



### कविता

### ओ मेरे कान्हा

ओ मेरे कान्हा

कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तेरे चेहरे पर बारी जाऊं,
तेरी मुस्कान पर न्यारी जाऊं,
तेरी बांसुरी की धुन मुझे मधहोश करें,
तेरी बातों की गुन मुझे खामोश करें,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तू न दिखे तो मैं आकाश निहारुं,
सब कुछ तुझ पर ही बारुं,
तेरी आवाज न सुनू तो तड़प जाऊं,
देख तुझे मैं सारा जग पाऊं,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## जीवन का सुख बुजुर्गों के श्रीचरणों में

# बूढ़े बुजुर्गों, माता-पिता की सेवा तुल्य कोई पुण्य नहीं- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

भारत आदि-अनादि काल से ही संस्कारों की खान रहा है। यहां की मिट्टी में ही गॉड गिफ्टेड संस्कारों की ऐसी अदृश्य शक्ति समाई हुई है कि मानव जन्म से ही संस्कारों की प्रतिभा मानवीय जीवों में समाहित हो जाती है इसमें कोई दो राय नहीं है, परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि जीव की उम्र बढ़ने के साथ-साथ पाश्चात्य संस्कृति की ललक अनेक अपवाद स्वरूपी मनीषियों में समाहित हो जाती है,जो बड़े बुजुर्गों का सम्मान तो नहीं परंतु अनादर करने पर उतारू हो जाते हैं? जिससे समाज में यह दूषित भावना पनपने का संदेह बना रहता है।इसलिए हम आज के युग में देख रहे हैं कि शासन- प्रशासन सामाजिक संस्थाएं, बुद्धिजीवी वर्ग, बड़े बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित करने हमारी हजारों वर्ष पुरानी परंपरा,धरोहर और वैचारिक शक्तिबल को संरक्षित, सुरक्षित करने के लिए अनेक वेबिनार, कार्यक्रम, अभियान चलाए जा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष्य की करें तो हमारे बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखनें की जवाबदारी व जिम्मेदारी युवा वर्ग की अधिक है जिन्हें भारतमाता की गोद से मिले संस्कारों को प्राथमिकता से सजग होकर रेखांकित करना अनिवार्य है। बड़े बुजुर्गों की सेवा का उन्हें मान-सम्मान देकर अत्यधिक पुण्य कमाना है। क्योंकि जब कोई बुजुर्ग निशब्द तुम्हारा तुम्हारे झुके सिर पर अपनी कंपकंपाती उंगलियां फिरादे तो समझो वरदान खुशी और आशीर्वाद एकसाथ तुम्हें यूं ही मिल गया क्योंकि बड़े बुजुर्गों में ईश्वर अल्लाह का एक रूप समाहित होता है।

साथियों बात अगर हम वरदान खुशी और आशीर्वाद की करें तो वैश्विक स्तरपर भारत सबसे पुरानां आध्यात्मिकता में गहरीआस्था रखने वाला देश है यहां आध्यात्मिकता का विस्तार तेजी से हुआ है जो एक अच्छी बात है परंतु मेरा मानना है कि उसी तेजी के साथ मनीषियों की आस्था माता-पिता, बड़े बुजुर्गों के मान सम्मान सेवाभाव के प्रति अपेक्षाकृत कम होकर संकुचित होने के संकेत हाल के पश्चात संस्कृति की घुसपैठ के चलते मिल रहे हैं।कई परिवार टूट रहे हैं, वृद्धाआश्रमों में बुजुर्गों की तादाद बढ़ रही है आखिर ऐसा क्यों? मैंने अनेक ऐसे मनीषियों को भी देखा है जो अपने माता-पिता बड़े बुजुर्गों से तो अलग रहते हैं, उनकी सेवा खुशी का ध्यान नहीं परंतु आध्यात्मिकता क्षेत्र में उनके नामपर बहुत बड़े सेवा भावी होंनें और आस्था का डंका बजता है यह देख मुझे बहुत हैरानी होती है



गोंदिया

साथियों बात अगर हम ऐसे बड़े बुजुर्गों की करें जिनको अपनों ने ठुकराया है तो मैंने स्वयंम कुछ बुजुर्गों से बात की तो उनका बड़प्पन देखिए कि अपने दुख दर्द बांटने की अपेक्षा उन्होंने अपनों की तारीफ ही की,वाह क्या बात है,आप ईश्वर अल्लाह के तुल्य हैं कहकर अनायास ही मेरे हाथ उनके चरणों में झुक गए तो उनकी आंखों में आंसू आ गए।

साथियों ऐसे अनेक पीड़ित हर मेट्रोसिटी, शहर, गांव में हैं ऐसे किस्से हमें अपने शहरों में भी जरूर देखने को मिलते होंगे जिसे हम सब को मिलकर इस स्थिति को बदलना की ओर कदम बढ़ाना ही होगा।

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों के वरदान खुशी और आशीर्वाद की करें तो मेरा मानना है कि इनकी आशीर्वाद वरदान इस सृष्टि में सबसे बड़ा है इसके तुल्य किसी आध्यात्मिक आस्था में आशीर्वाद वरदान नहीं होंगे बस हमा मनीषियों को यह बात अपने हृदय व मस्तिष्क में फिट करनी होगी।

साथियों बात अगर हम नई पीढ़ी, युवकों की करें तो, बूढ़े व्यक्ति के पास स्मृतियां, जवान के पास कल्पनाएं हैं, यदि घर-घर दोनों का मेल बने तो कमाल हो जायेगा। धरती पर स्वर्ग उतर आयेगा, जबकि नई पीढ़ी को चाहिए माता-पिता के उत्तम गुणों के वारिस बनें, अपने बड़ों को मान दें, क्योंकि वृद्धों का जो वर्तमान है, वही युवाओं का भविष्य है।इसलिए यदि नई पीढ़ी अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद वरदान लेंने, उनका देवताओं की तरह पूजन करने, मिलकर रहने, सहयोग करने की सोच अपना ले, तो घरों के अन्दर प्रेम, सद्भाव जाग जाएगा और धरती में स्वर्ग उतर आयेगा।

साथियों जरूरत है युवा-वर्ग माँ-बाप की अवहेलना न करे। बड़ों के प्रति सम्मान की भावना रहे। क्योंकि बूढ़ी आंखों में जब आंसू आते हैं, हृदय पर जब व्यंग बाण लगते हैं, शरीर काम नहीं करता और नींद आती नहीं तो ऐसे में व्यक्ति का जीना कठिन हो जाता है। वैसे भी बड़े-बुजुर्ग हमारी अमूल्य सम्पत्ति हैं। उनके पास अनुभवों का खजाना है, अतः उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। कभी भूलकर भी उनसे अपशब्द न कहें। साथ ही अपने बच्चों को बड़ों के पास बैठने का अवसर दिया करें, क्योंकि उनके आशीवार्दों से बच्चे फलते-फूलते हैं। अन्य लोग स्वयं भी बुजुर्गों के पास दो मिनट बैठकर उनकी बात सुनें, उनका हाल-चाल पूछें।जिस व्यक्ति के सिर पर माँ-बाप का साया है, वह धन्य है। घर में बड़े बुजुर्गों का होना बहुत सौभाग्य माना जाता है और माँ-बाप की सेवा करने वाली सन्तान श्रेष्ठ। बच्चे को माता- पिता से आशीर्वाद माँगना नहीं पड़ता, अपने आप हृदय से मिल जाता है और माँ-बाप के हृदय से निकले हुए इस आशीष की कोई समानता नहीं है। बड़ी विडंबना का समय है पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव के कारण आज के युवा माँ-बाप को नमन-वन्दन करने में लजाते हैं,जब कि कोई बच्चा व युवा जब अपने माता-पिता, दादा-दादी अथवा सद्गुरु के चरणों में शीष झुकाता है, तो उनके दिल में आनन्द की हिलोर उठने लगती है और तेजरूपी प्रकाश की किरणें विनम्र होते ही चरणों में झुके सुपुत्र, सदशिष्य के अन्दर प्रवेश कर जाती हैं। जिसके प्रतिफलस्वरूप उस युवा को आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है। ये चारों अनमोल उपहार किसी अन्य कीमत एवं किसी अन्य स्थान से प्राप्त नहीं हो सकते। इनका केन्द्र तो माता-पिता, वृद्धजन एवं गुरुजन ही हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बुजुर्गों की सेवा का फल बहुत मीठा हैं, जब कोई बुजुर्ग निशब्द तुम्हारे झुके सिर पर अपनी कंपकंपाती उंगलियां फि रा दें समझो वरदान खुशी और आशीर्वाद एक साथ मिला, बड़े बुजुर्गों माता पिता की सेवा तुल्य कोई पुण्य नहीं जीवन का सुख इनके श्री चरणों में है।

# 2025 में जब जब दुनिया डगमगाई मोदी ने आगे बढ़कर संभाल लिया



एनडीए के भीतर मतभेदों को साधते हुए मोदी ने सहयोगी दलों को एकजुट रखा और नए सहयोगियों को जोड़कर गठबंधन का विस्तार भी किया। उनका नेतृत्व सहयोगियों में विश्वास पैदा करने वाला रहा, जिससे एनडीए एक मजबूत और अनुशासित राजनीतिक परिवार के रूप में सामने आया। साल 2025 भारतीय राजनीति और वैश्विक कूटनीति के लिहाज से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की विजयगाथा के रूप में दर्ज हो गया। यह वर्ष केवल मोदी की चुनावी सफलताओं का नहीं रहा, बल्कि भारत की रणनीतिक सोच, आर्थिक मजबूती, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के विस्तार का भी साक्षी बना। मोदी ने एक बार फिर यह साबित किया कि उनका नेतृत्व केवल सत्ता संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्र को दिशा देने, संकट में निर्णय लेने और दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराने का सामर्थ्य रखता है। 2025 में विभिन्न राज्यों और स्थानीय निकायों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सफलता के पीछे नरेंद्र मोदी की चुनावी रणनीति और नेतृत्व की स्पष्ट छाप दिखाई दी। मोदी ने जहां एक ओर सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद को केंद्रीय मुद्दा बनाए रखा, वहीं दूसरी ओर संगठनात्मक मजबूती पर भी विशेष ध्यान दिया। बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय रखने, लाभार्थी वर्ग से सीधा संवाद स्थापित करने और विपक्ष की कमजोरियों को उजागर करने की उनकी रणनीति ने भाजपा को बढ़त दिलाई। एनडीए के भीतर मतभेदों को साधते हुए मोदी ने सहयोगी दलों को एकजुट रखा और नए सहयोगियों को जोड़कर गठबंधन का विस्तार भी किया। उनका नेतृत्व सहयोगियों में विश्वास पैदा करने वाला रहा, जिससे एनडीए एक मजबूत और अनुशासित राजनीतिक परिवार के रूप में सामने आया। इसके अलावा, साल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी का रुख पूरी तरह स्पष्ट और सख्त रहा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों और उनके ठिकानों पर कार्रवाई कर यह संदेश दे दिया कि भारत अब केवल आतंकी घटना की निंदा तक सीमित नहीं रहेगा। यह कार्रवाई न केवल सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण थी, बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी दुनिया को यह समझाने में सफल रही कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है। मोदी के इस साहसिक निर्णय ने देशवासियों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत की छवि एक निर्णायक शक्ति के रूप में और सुदृढ़ हुई। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ और दबावों के बावजूद मोदी ने भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता से कोई समझौता नहीं किया। रूस के साथ ऐतिहासिक मित्रता को कायम रखते हुए भारत ने ऊर्जा, रक्षा और कूटनीति के क्षेत्रों में संतुलित नीति अपनाई। मोदी का स्पष्ट संदेश रहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों पर किसी भी बाहरी दबाव को हावी नहीं होने देगा। रूस के साथ संबंधों को मजबूत रखना और साथ ही अमेरिका तथा यूरोप के साथ भी संतुलन बनाए रखना मोदी की बहुपक्षीय कूटनीति का उदाहरण है। इसके अलावा, 2025 में भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा। वैश्विक मंदी और महंगाई के दौर में भी भारत ने स्थिरता और विकास दोनों को साधा। मोदी सरकार की नीतियों के चलते महंगाई नियंत्रण में रही, ब्याज दरें अपेक्षाकृत कम बनी रहीं और निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, स्टार्टअप और डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की नीतियों ने रोजगार सृजन और विकास को गति दी। जीएसटी उत्सव के माध्यम से मोदी सरकार ने कर सुधारों की सफलता को जन-जन तक पहुंचाया। जीएसटी ने न केवल कर प्रणाली को सरल बनाया, बल्कि राज्यों की आय बढ़ाने और व्यापार सुगमता में भी अहम भूमिका निभाई। 2025 में जीएसटी संग्रह के नए रिकॉर्ड बने, जिसने सरकार को विकास योजनाओं के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराए और अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी। प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 में वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज को और बुलंद किया। ग्लोबल साउथ के मुद्दों को विश्व पटल पर मजबूती से उठाते हुए उन्होंने विकासशील देशों की समस्याओं, जलवायु न्याय और समावेशी विकास की वकालत की। उनकी चीन यात्रा ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा और यह संकेत दिया कि भारत संवाद के साथ-साथ अपने हितों की रक्षा करना भी जानता है। वहीं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिल्ली आमंत्रित कर मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत वैश्विक शक्ति संतुलन में स्वतंत्र और प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा, 2025 में मोदी ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को भी वैश्विक स्तर पर मजबूती दी। धार्मिक स्थलों के विकास के जरिये स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों और योग व आयुष के प्रचार ने भारत की सॉफ्ट पावर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इसके अलावा, विदेशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालना हो या प्राकृतिक आपदाओं में अन्य देशों की मदद करना हो, मोदी सरकार ने हर संकट में तत्परता दिखाई। इससे भारत की छवि एक जिम्मेदार और संवेदनशील वैश्विक शक्ति के रूप में उभरी। बहरहाल, साल 2025 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की बहुआयामी विजयगाथा का प्रतीक बनकर सामने आया। चुनावी सफलता, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और वैश्विक नेतृत्व जैसे मोर्चों पर मोदी ने अपने निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व की छाप छोड़ी। यह वर्ष न केवल उनके राजनीतिक कद को और ऊंचा कर गया, बल्कि भारत के आत्मविश्वास और सामर्थ्य की कहानी भी दुनिया के सामने रख गया।

# कुकर की ढीली रबर से लीक हो रही गैस? 10 मिनट में पाएं समाधान

कुकर की ढीली रबर से गैस निकलने की समस्या को दूर करने के लिए, रबर को निकालकर अच्छी तरह साफ करें और फिर 10-15 मिनट के लिए बर्फ के ठंडे पानी या फ्रीजर में रखें। गर्मी से फैली रबर ठंडी होने पर सिकुड़कर फिर से टाइट हो जाएगी, जिससे खाना जल्दी पकेगा और गैस की बचत होगी।

वैसे तो हम अपनी किचन में कुकर का इस्तेमाल सब्जी बनाने के लिए करते हैं, हालांकि सबसे ज्यादा झुंझलाहट तब होती है जब प्रेशर कुकर की सीटी आने की बजाय किनारो से गैस निकलना शुरू हो जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कुकर की रबर ढीली होती है। बता दें कि, रबर में दरारें आ जाती हैं या वह फैल जाती है, तब ये समस्या होती है। जब रबर ढीली हो जाती है तो प्रेशर नहीं बनती है, जिससे खाना पकने में बहुत समय लगता है और गैस की बबार्दी भी काफी होती है। ऐसे में ज्यादातर लोग नया प्रेशर कुकर लेकर आ जाते हैं, लेकिन आप इन घरेलू नुस्खे से आप अपनी पुरानी रबर को 10 मिनट में नहीं जैसी टाइट बना सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कैसे कुकर की रबर को टाइट करें।

**क्यों हो जाती है रबर ढीली?**

जब रबर गर्मी के संपर्क में आती है, तो उसका लचीलापन खत्म हो जाता है और वह फैल जाती है, रबर पर जमी चिकनाई उसे ढक्कन पर सही से बैठने नहीं देती है। इसके कारण रबर सही से कुकर पर चारों तरफ नहीं चिपक जाती है।

**कैसे करें ढीली रबर को टाइट?**

इसके लिए आप कुकर के ढक्कन से रबड़ को निकालें और इसे अच्छे तरीके से साफ करें ताकि सारी चिकनाई निकल जाए। अब गहरे बर्तन में ढेर सारा बर्फ लें या एकदम ठंडा पानी लें। अब रबर को उस बर्फ वाले पानी में डुबोकर 10 मिनट के लिए रख दें। इस ट्रिक का प्रयोग आप नहीं करना चाहते, तो आप रबर को सीधे फ्रीजर में 10 से 15 मिनट के लिए रख सकते हैं। ठंड के कारण रबर के मॉलिक्यूल सिकुड़ने लगेंगे। जिससे फैली हुई रबर फिर से अपनी पुरानी शेप में आ जाती है और टाइट हो जाती है। यदि रबर ज्यादा ही पुरानी है और हल्की सी ढीली है तो आप ढक्कन के किनारे पर थोड़ा सा गुंथा हुआ आटा लगा सकते हैं। यह एक प्रकार से अस्थाई टेप की तरह काम करेगा और गैस को बाहर निकलने से रोक देगा। इस बात का ध्यान रखें कि कभी भी रबर को धूप में ना रखें। खाना बनाने के बाद रबर को हमेशा निकालकर साफ करना भूलें। इसके अलावा, रबर पर हल्का सा खाने वाला तेल लगाकर रखें। इससे इसका लचीलापन बना रहता है। यदि रबर में कट लग गया है, तो इसे आप तुरंत बदल दें।



# शिक्षा मित्र डॉक्टर सलीम खान की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** भगतपुर-टाण्डा ब्लॉक की न्याय पंचायत महेशपुर खेम के प्राथमिक विद्यालय चिरोटियाई दक्षिण में तैनात शिक्षा मित्र डॉक्टर सलीम खान मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। लगभग 20 वर्षों तक समर्पित सेवा देने वाले सलीम खान को विद्यालय परिवार सहित ब्लॉक के शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षा मित्रों ने बड़े सम्मान और स्नेह के साथ विदाई दी।विदाई समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्टाफ ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके सेवाकाल की सराहना की। सभी ने मिलकर उन्हें भावभीनी विदाई दी और भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं पेश कीं। प्राथमिक विद्यालय चिरोटियाई में लगभग 20 वर्षों तक शिक्षा मित्र के पद पर कार्यरत रहकर पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं देने वाले सलीम खान मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए।विद्यालय परिवार के अलावा ब्लॉक के शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों ने इस अवसर पर उपस्थित होकर सलीम खान को श्रद्धा पूर्वक विदाई दी।सभी ने उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय चिरोटियाई दक्षिण के इंचार्ज अध्यापक सुमित कुमार सहित श्रृद्धा राठौर, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व एआरपी सुरेन्द्रपाल सिंह, संजय सैनी, अरविन्द कुमार, राजकुमार, एजाज अहमद, श्रीकांत सिंह, शरद कुमार शर्मा, महेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, पिंकी पाल, हेमलता, प्रियंका, अभिलाषा, मलखान सिंह, रामौतार सिंह, महेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, प्रेम सिंह, सिपाही लाल सिंह, यादराम सिंह, शिवमंगल सिंह और अनुपम आदि मौजूद रहे।




## बांग्लादेश के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ज्ञापन दिया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर।** विश्व हिंदू महासंघ की सनातन रक्षा वाहिनी के द्वारा पीयूष अरोड़ा प्रदेश मंत्री सनातन रक्षावाहिनी वाहिनी के नेतृत्व एक ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम चांदपुर को सोपा गया जिसमें मांग की गई कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर नरसंहार पर चिंता जताई और बांग्लादेश पर कठोर कदम उठाए जाएं इसको लेकर ज्ञापन दिया गया ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अजय महेश्वरी, तहसील महामंत्री कुलदीप शर्मा, तहसील मंत्री संदीप सैनी, नगर मंत्री सचिन पाठक, नगर महामंत्री आशीष आर्य, तहसील मंत्री नितेंद्र वर्मा, नगर मंत्री तक्ष राजपूत, यश चंद्रा नगर उपाध्यक्ष रोहन आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।सनातन रक्षा वाहिनी के द्वारा एसडीम महोदय को भी सम्मानित किय गया।

## कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मिला बिजनौर जनपद का एक प्रतिनिधि मंडल



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद ? बिजनौर नजीबाबाद ? कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर फरवरी माह 2026 में बिजनौर जनपद का करेंगे दौरा विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वफ्त एवं हज बोर्ड के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से बिजनौर जनपद के प्रभारी रणवीर सिंह निराला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ में सरकारी आवास पर ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात कर जनपद बिजनौर की तमाम जनहित समस्याओं से अवगत कराया और पार्टी के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण चर्चा कर आगामी 2026 फरवरी में जनपद बिजनौर में होने वाली जनसभा के संबंध में भी वार्ता हुई इस दौरान सुभासपा नेता रणवीर सिंह निराला जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ प्रदेश सचिव विवेक नायक अरुण चौधरी धर्मेंद्र चौधरी सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता रहे।

# स्कूल ऑफ लाइफ एजुकेशन द्वारा नई दिल्ली कनॉट प्लेस म्यूजियम ऑफ इल्यूजन में नववर्ष कैलेंडर के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन





**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली।** धर्मार्थ समर्पण न्यास और ए आर के स्टूडियो ने जीवन की शिक्षा को अनौपचारिक से औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए स्कूल ऑफ लाइफ एजुकेशन द्वारा 30 दिसंबर को नई दिल्ली कनॉट प्लेस म्यूजियम ऑफ इल्यूजन में नववर्ष कैलेंडर के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रेरणादायक पहल धर्मार्थ समर्पण न्यास की ओर से की जा रही है, जिसका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं यथा हेल्थ, वेल्थ और व्यवहार की शिक्षा जो अनौपचारिक रूप हम सीखते आ रहे थे उस अनौपचारिक शिक्षा के मूल्यों का धीरे धीरे ह्रास हो रहा है जिसका दुष्प्रभाव खराब स्वास्थ्य, बदतर होता आचरण और अस्थिर आर्थिक स्थिति के रूप में देखने को मिल रहा है। ऐसी स्थिति में शिक्षा से जुड़े लोगों का समाज के प्रति दायित्व बनता है कि जीवन की शिक्षा को पढ़ाए और सिखाए जाने हेतु लेख बद्ध कर समाज के समक्ष प्रस्तुत करें। कार्यक्रम में उप आवास आयुक्त मांगे राम चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे शिक्षा और जीवन मार्गदर्शन के क्षेत्र में कार्यरत प्रशिक्षक एवं शिक्षाविद सीमा वशिष्ठ, कानून का कायदा कार्यक्रम के संचालक सेवानिवृत्त असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर वीरेंद्र पुंज तथा समाजसेवी डॉक्टर नीति तोमर, फिट इंडिया अभियान की ब्रांड एंबेसडर पंखुड़ी श्रीवास्तव और व्यवसाई आर सी बंसल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। यह। आयोजन कनॉट प्लेस स्थित म्यूजियम ऑफ इल्यूजन कैफे में संपन्न हुआ, जिसमें सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर बॉलीवुड एक्टर अमित अंतिल, मिसेज इंडिया वर्ड वाइड डायना, लखनऊ से मॉडल स्वाति त्रिपाठी शामिल हुई। विशिष्ट अतिथियो में डायटिशियन रक्षा साहनी, शिक्षाविद् मोनिका शर्मा, प्रवीण वर्मा, राजेश चौहान, डॉक्टर मीनू गबरानी, समाज सेवी विवेक गिरी, चाणक्य देव, मधुर शर्मा, अंशु मुदगिल, आचार्य अनामिका, रश्मि जैन, रूपा शर्मा, एस्ट्रोलॉजर रीटा सिद्धौरा, गीता त्रेहान, कविता परवानी, हरियावी निर्देशक कुमार, शिक्षाविद राजेश कुमार शामिल हुए, सोम शेखर, नीरज कोहली और पत्रकार हमवीर, नृत्यांगना कल्चर सोसाइटी से गुरु विकास मौर्या शामिल हुए। मॉडल आकांक्षा, खुशी, और सबसे कम उम्र की भागीदार काशवी शर्मा भी इस कलेंडर लॉन्च का हिस्सा बनी। कार्यक्रम संचालन ए आर के स्टूडियो की फाउंडर नीलिमा ठाकुर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समाचार 24 प्लस और दिव्य दिल्ली समाचार की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में समाचार 24 प्लस के आगामी कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च भी हुआ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन की शिक्षा को औपचारिक बनाकर अभ्यास और प्रयास के माध्यम से समाज को शसक्त करना है केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे जीवन मूल्यों, सामाजिक दायित्व और सकारात्मक सोच से जोड़ना है। स्कूल ऑफ लाइफ एजुकेशन का यह प्रयास शिक्षा को व्यवहारिक बनाकर समाज और व्यक्ति के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## प्रति क्षण प्रभु की नित्य लीलाओं में निमग्न रहते हैं श्रीपाद बाबा महाराज : बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज



**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

वृन्दावन। मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज अकादमी के तत्वावधान में ब्रज के प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज का 29 वें त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव के दूसरे दिन प्रातः काल महंत बाबा संतदास महाराज के पावन सानिध्य में समाज गायन किया गया।तत्पश्चात वृहद सन्त-विद्वत सम्मेलन आयोजित हुआ।जिसमें अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीपीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद सरस्वती महाराज (डॉ. अधिकारी गुरूजी) ने कहा कि सन्त प्रवर श्रीपाद बाबा महाराज प्रत्येक क्षण व हर घड़ी प्रभु की नित्य लीलाओं में निमग्न रहते हैं।उन्हें सदैव ब्रज भूमि, गौ एवं ब्रज भाषा के उत्थान व संरक्षण का चिंतन रहता था।

अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज एवं परम हितधर्मी डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा ने कहा कि संत श्रीपाद बाबा महाराज को श्रीधाम वृंदावन, ब्रज संस्कृति एवं ब्रजवासियों से बहुत ही लगाव था।उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन इन्हीं की सेवा व संरक्षण के लिए समर्पित किया।ऐसे दिव्य संत को हम बारंबार प्रणाम करते हैं।

श्रीराधा उपासना कुंज के महंत बाबा संतदास महाराज एवं ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने कहा कि ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव श्रीपाद बाबा महाराज अत्यंत सेवाभावी व निःस्पृह संत थे।वे पूर्ण समर्पण के साथ निर्धन, निराश्रित व दीन-दुखियों की सेवा करते थे।उन जैसी विभूतियों का तो अब युग ही समाप्त होता चला जा रहा है। प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रख्यात भजन गायक पण्डित बनवारी महाराज ने कहा कि संत प्रवर श्रीपाद बाबा महाराज अनेकानेक सद्गुणों की खान थे।हम लोग यदि उनके किसी एक गुण को भी अपने जीवन में धारण कर लें, तो हमारा कल्याण हो सकता है।

इस अवसर पर सन्त महेशानंद सरस्वती महाराज, संत सेवानंद ब्रह्मचारी, पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, श्रीशुकाचार्य पीठाधीश्वर डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज, पण्डित देवकीनंदन शर्मा, ब्रज अकादमी के निदेशक डॉ. बी.बी. माहेश्वरी, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, स्वामी लेखराज शर्मा, पिंकी माथुर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया।धन्यवाद ज्ञापन एवं सभी संतों-विद्वानों का स्वागत-सम्मान साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने किया। सायं को प्रख्यात रासाचार्य स्वामी भुवनेश्वर वशिष्ठ के निर्देशन में रासलीला का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन किया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर 'अटल स्मृति सम्मेलन' का भव्य आयोजन

**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नजीबाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में नजीबाबाद तहसील में 'अटल स्मृति सम्मेलन' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अटल जी के शुचितापूर्ण राजनीति के प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा, ₹जब 13 दिन की सरकार के दौरान मात्र एक वोट कम था, तब अटल जी ने स्पष्ट कर दिया था कि वे अनैतिक तरीके से जुटाए गए वोट को 'चिमटे' से भी छूना पसंद नहीं करेंगे।₹ उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुँचाना और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि ने अटल जी की प्रसिद्ध पंक्तियों को याद करते हुए कार्यकताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा, ₹अटल जी ने कहा था– अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज वह समय आ गया है, लेकिन कार्यकताओं को भी सूरज की तरह तपकर जनता की सेवा करनी होगी। पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने एस.आई.आर (रकफ) और क्षेत्रीय विकास की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने संगठन की मजबूती और अटल जी के सपनों का भारत बनाने पर बल दिया। ये रहे उपस्थित कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, संदीप तायल, ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल, नकुल अग्रवाल, राजन टंडन, गोल्डी, तरुण राजपूत, दीपक करनवाल, सीमा कर्णवाल, कंवल बिट्टू भटनागर, ईसम चौधरी, अनुज चौधरी, हिमांशु तायल और पिंकू रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



## खनन से भरे डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत की जांच के लिए तीन सदस्य समिति का हुआ गठन




**वेलकम इंडिया**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में नजीबाबाद कोटद्वार मार्ग पर ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी गांव के सामने एक खनन के डंपर से ट्रैक्टर की हुई भीषण टक्कर में चालक की मौत की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच तीन सदस्य समिति, जिसमें उप जिलाधिकारी व सीओ पुलिस नजीबाबाद तथा खनन निरीक्षक शामिल है, के द्वारा की जाएगी।

# एसपी सवाई माधोपुर के डॉक प्राप्ति काउंटर पर तैनाथ पुलिस कर्मी कहते हैं डॉक से भेजो शिकायत, नहीं लेंगे वर्ना: राजा भईया



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मो न– 9811371054=9818951279

**वेलकम इंडिया**

राजस्थान के जिला सवाई माधोपुर स्थित एस पी कार्यालय में डॉक प्राप्ति काउंटर पर तैनाथ पुलिस कर्मी पर गम्भीर आरोप लगाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट एवं हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर राजा भईया ने नियम विरुद्ध एवं गैर कानूनी तथा गैर जिम्मेदाराना कार्य करने का आरोप लगाया है उन्होंने इस बाबत लिखित शिकायतें प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी, तथा भरतपुर रेंज के आईजी सहित जिला पुलिस अधीक्षक को भेजते हुए लिखा है कि सवाई माधोपुर एसपी ऑफिस में डॉक प्राप्ति काउंटर पर तैनाथ पुलिस कर्मी जनता की लिखित शिकायत नहीं लेते और ना ही रिसीविंग देते हैं उन्होंने बताया कि वह स्वयं इस परेशान करने वाली घटना के भुगत भोगी है वह कई बार उक्त ऑफिस में लिखित शिकायतें देने गए हैं पर वहां डॉक प्राप्ति काउंटर पर तैनाथ संबंधित पुलिस कर्मी शिकायतें लेने से साफ मना कर देते हैं और डॉक से शिकायत भेजने या एसपी से मिल कर शिकायत देने की बात करते हैं अधिकतर समय की कमी होने और एसपी महोदय की व्यस्तता या ऑफिस में मौजूद ना होने के कारण उनका और आम जनता का एसपी से मिलना संभव नहीं होता ऐसे में यदि कोई वहां स्थित डॉक प्राप्ति काउंटर पर शिकायत देना चाहे जो कि नियमानुसार है तो वहां तैनाथ पुलिस कर्मी शिकायत लेने से साफ मना कर देते हैं और कहते हैं कि एसपी साहब ने उन्हें सिर्फ सरकारी डॉक लेने और रिसीविंग देने के लिए कह रखा है इस बाबत, मांगने पर कोई लिखित आदेश भी नहीं दिखाया जाता है और उल्टा पुलिसिया रोब दिखा कर बदतमीजी की जाती है इस संदर्भ में उन्होंने एक लिखित शिकायत पूर्व में भी डीजीपी राजस्थान और एसपी सवाई माधोपुर को ई मेल द्वारा सत्रह दिसंबर को की थी परन्तु कोई कार्यवाही आज तक नहीं की गई है अब उन्होंने पुनः उपरोक्त तीनों पुलिस अधिकारियों को फिर से लिखित शिकायतें भेज कर उक्त पुलिस कर्मी के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही करने की मांग की आज लिखित शिकायतो की प्रतियां पत्रकारों को देते हुये राजा भईया ने उपरोक्त नियम विरुद्ध एवं गैर कानूनी तथा गैर जिम्मेदाराना कार्य करने का खुलासा किया है जो कि एक गंभीर मामला है।



# जिलाधिकारी ने रैन बसेरा मेहदावल का किया निरीक्षण, जरूरतमंदो को वितरित किया कम्बल

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा भीषण शीतलहरी एवं कड़ाके की ठंड के दृष्टिगत जनपद के तहसील मेहदावल में भ्रमण करते हुए रैन बसेरा मेहदावल व गो-आश्रय स्थल बढ़या ठाठर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा रैन बसेरा मेहदावल का निरीक्षण के दौरान जरूरतमंदो को कंबल वितरित किया गया तथा अलाव हेतु पर्याप्त लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत मेहदावल स्थित मोहल्ला नई बाजार में अलाव के लिए लकड़ी पर्याप्त मात्रा में होने के बावजूद कहीं पर भी अलाव जलता हुआ नहीं पाया गया, इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक एवं आवश्यकता अनुसार स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। जिलाधिकारी ने भीषण ठंड को देखते हुए उप जिलाधिकारी मेहदावल व अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थानों व अन्य आवश्यकतानुसार जगहों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय व अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मेहदावल उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान मेहदावल क्षेत्र के गो-आश्रय स्थल बढ़या ठाठर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में 302 गो-वंश संरक्षित पाए गए। जिसमें 168 गोवंश नंदी व 134 मादा गोवंश संरक्षित पाए गए। निरीक्षण के दौरान गो-आश्रय स्थल में 80 कुंतल भूसा, 09 कुंतल साइलेज, व 2.5 कुंतल पशु आहार पाया गया। चार पशु शेड अस्थाई स्थाई एवं एक पशु शेड स्थाई बनाया गया है।

निरीक्षण के दौरान मौके पर चार जानवर बीमार पाए गए जिनका पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी को गोवंशों के स्वास्थ्य का निरीक्षण करते रहने हेतु निर्देशित किया। गो-आश्रय स्थल पर वर्मी कंपोस्ट खाद बनाए जाने हेतु गड्ढा किट बनाया गया है जो अभी क्रियाशील नहीं है, जिसे चालू करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

## बहला-फुसलाकर ट्रैक्टर सस्ते दाम में लेने और गायब करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक युवक ने गांव के कुछ लोगों पर उसके पिता को बहला-फुसलाकर नशे का सेवन कराने और उनका ट्रैक्टर सस्ते दामों में खरीदकर कहीं गायब कर देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने ट्रैक्टर की बरामदगी कराए जाने की मांग की है।मंगलवार को गांव गढ़ी दौलत निवासी साहिल पुत्र राशिद ने बताया कि गांव के तीन लोगों ने उसके पिता को अपने प्रभाव में लेकर पहले नशे का सेवन कराया। इसके बाद आरोपियों ने उसके स्वराज ट्रैक्टर को बेहद कम कीमत में खरीद लिया और उसे कहीं छिपा दिया। आरोप है कि इस पूरे मामले में उसके पिता की हालत का गलत फायदा उठाया गया।

# प्रकाशवीर शास्त्री की जयंती व राष्ट्रकवि दुष्यंत कुमार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** ग्राम असौड़ा स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता के कैम्प कार्यालय पर भारत सरकार के पूर्व सांसद प्रकाशवीर शास्त्री की 101वीं जयंती एवं राष्ट्रकवि दुष्यंत कुमार की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने गायत्री मंत्र का जाप कर दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और उनके योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रकाशवीर शास्त्री ने जनसेवा और राष्ट्रहित के लिए उल्लेखनीय कार्य किए, वहीं राष्ट्रकवि दुष्यंत कुमार ने अपनी ओजस्वी कविताओं के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दोनों विभूतियों को पद्म सम्मान दिए जाने की मांग भी कीश्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी, डॉ. सुनील दत्त त्यागी, रामनिवास बालिका इंटर कॉलेज तगासराय के प्रबंधक हरिराज सिंह त्यागी, गायत्री परिवार से सुधीर त्यागी, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता एवं हापुड़ जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, त्यागी समाज हापुड़ के चौधरी निखिल त्यागी, भाकियू अराजनैतिक के जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र त्यागी, ग्राम प्रधान देवेन्द्र खटीक, विनय प्रकाश त्यागी, अखिल भारतीय खटीक समाज के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, डॉ. सुधीर त्यागी, प्रदीप त्यागी, सुरेश चंद्र बधौली, डॉ. के.के. त्यागी एवं एडवोकेट गजेन्द्र त्यागी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### पीएनबी के बाहर से युवक की साइकिल चोरी, थाने में दी तहरीर



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक में आधार लिंक कराने आए एक युवक की साइकिल चोरी हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है देहात क्षेत्र के इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद शाद ने बताया कि वह मंगलवार को अपने बैंक खाते में आधार लिंक कराने के लिए कस्बे स्थित पंजाब नेशनल बैंक आया था। उसने अपनी साइकिल बैंक के बाहर खड़ी कर दी थी। आधार लिंक की प्रक्रिया पूरी कर जब वह बाहर आया तो उसकी साइकिल मौके से गायब मिली।पीड़ित का आरोप है कि किसी चोर ने मौका पाकर उसकी साइकिल चोरी कर ली। काफी तलाश के बाद भी साइकिल का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद वह थाने पहुंचा और तहरीर देकर साइकिल बरामद कराने की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और चोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

### पति व ससुर की गिरफ्तारी ना होने पर बेटे ने की कार्रवाई की मांग



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा में महिला के साथ हुई मारपीट के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पीड़िता के पुत्र ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।मंगलवार को गांव डून्डूखेड़ा निवासी सरवन ने बताया कि बीती 27 नवंबर को घरेलू विवाद के चलते उसके दादा सीताराम और पिता सतीश ने उसकी माता ममता पर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल महिला को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। पीड़िता का वहां उपचार लगातार जारी है।पीड़ित का आरोप है कि घटना को एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है, जबकि दोनों आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। वहीं उसकी मां की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पीड़ित ने जनपद के उच्च अधिकारियों सहित थाना पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### नव वर्ष पर पर हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस की सख्ती



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नव वर्ष के मद्देनजर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रांगण में पुलिसकर्मियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई।इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नए साल पर हुड़दंग मचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ लोग वाहन चलाते समय गाड़ी के बाहर निकलकर वीडियो व फोटोग्राफी करते हैं, जो न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए विभागीय निर्देशों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।उन्होंने कहा कि नए साल के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी, लापरवाही या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोष्ठी के दौरान थाना परिसर में में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि यह अभियान पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के आदेशानुसार चलाया जा रहा है, ताकि नववर्ष के अवसर पर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# गढ़ी दौलत में सालाना जलसे की तैयारियां जोरों पर



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में आयोजित होने वाले सालाना जलसे को लेकर तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। गांव में उत्साह और रौनक का माहौल बना हुआ है। जलसे को सफल बनाने के लिए मदरसा प्रबंधन और ग्रामीण दिन-रात व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

मदरसा जामिया बदरुल उलूम के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद आकिल साहब ने बताया कि इस वर्ष का सालाना जलसा 31 दिसंबर, बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर प्रसिद्ध इस्लामी धर्मगुरु हजरत महमूद मदनी सहाब विशेष रूप से शिरकत करेंगे। उनके बयान को सुनने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की उम्मीद है।जलसे में देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले उलेमा-ए-किराम और धर्मगुरु भी शिरकत करेंगे, जो इस्लामी शिक्षाओं, सामाजिक एकता और नैतिक मूल्यों पर अपने विचार रखेंगे। आयोजन को लेकर मदरसा प्रबंधन द्वारा मंच को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं लोगों के बैठने के लिए बड़े पैमाने पर टेंट, पंडाल और अन्य आवश्यक सुविधाएं तैयार की जा रही हैं।गांव में मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है, जिससे पूरे क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ गई है।

# अपहृत मासूम सकुशल बरामद महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 03 वर्षीय मासूम बच्चे के अपहरण की घटना का सफल अनावरण करते हुए अपहत बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है।

इस मामले में एक महिला सहित दो अपहरणकताओं को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस के अनुसार थाना हापुड़ नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0796/2025, धारा 137(2), 143(4) बीएनएस के तहत दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए दिनांक 29 दिसंबर 2025 को दिल्ली रोड स्थित नाले के पास से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों के कब्जे से अपहत मासूम बच्चा सकुशल तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि अभियुक्तों ने दिनांक 26 दिसंबर 2025 को तहसील चौपले के पास से बच्चे को गर्म कपड़े दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर अपहरण किया था।

प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि अभियुक्त बच्चे को बेचने की नीयत से उसे अपने साथ ले गए थे।गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण शिवा पुत्र अशोक, निवासी सिहानी बड़ौदा, थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़।बरखा पत्नी अमित, निवासी सटला, थाना बीबीनगर, जनपद बुलंदशहर।बरामदगीअपहत 03 वर्षीय नाबालिग बच्चा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल टीवीएस (रजिस्ट्रेशन संख्या वढ37र 7183)अपहत बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। मामले में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।यह कार्रवाई जनपद पुलिस की सतर्कता, तत्परता एवं ऑपरेशन स्माइल अभियान की प्रभावशीलता को स्पष्ट रूप से दशार्ती है।

## पुलिस का सख्त रुख, गंगेरू मार्ग पर अतिक्रमण हटवाया

**कांधला।** नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने मंगलवार को सख्ती दिखाते हुए पैदल भ्रमण अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल सड़कों पर उतरा और गंगेरू मार्ग पर अवैध रूप से फैलाए गए अतिक्रमण को हटवाया गया।पुलिस ने गंगेरू मार्ग पर सड़क किनारे टैक्सी स्टैंड बनाकर खड़े वाहनों तथा दुकानों के बाहर रखा गया सामान हटवाया। इस दौरान संबंधित दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अतिक्रमण के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

प्रभारी मंत्री ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं में किसी भी लाभार्थी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि आम जनमानस से संबंधित विद्युत बिलों की शिकायतें जो उनके कार्यालय में प्राप्त होती हैं, उनका समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री को जनपद में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धियों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# यात्रियों एवं ट्रेन में यात्रियों को पमपलेट वितरित कर जागरुकता अभियान आयोजित किया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल उ.म.रे. झाँसी विवेकानंद नारायण के निदेर्शानुसार सीमा तिवारी स्टेशन डायरेक्टर की अध्यक्षता एवं प्रभारी निरीक्षक झाँसी स्टेशन विजेन्द्र कुमार कस्वां के संयोजन में आरपीएफ मित्र योजना समिति झांसी द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन झांसी पर माघ मेला एवं नववर्ष पर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की उमढ रही भीड़ के दौरान यात्रियों को जागरूक करने हेतु संगोष्ठी एवं यात्रा हेतु प्रतीक्षारत यात्रियों एवं ट्रेन में यात्रियों को पम्पलेट वितरित कर एवं जानकारी देते हुए जागरुकता अभियान आयोजित किया गया।

अपने उद्बोधन मे स्टेशन डायरेक्टर सीमा तिवारी ने यात्रियों को जानकारी दी कि यात्रा के दौरान ट्रेन के पायदान पर ना बैठें, सुरक्षा के दृष्टिगत दरवाजे बंद रखें, कीमती जेबरात एवं मोबाइल के प्रति विशेष जागरूक रहें तथा किसी अपरिचित से खाने पीने की वस्तु न लें अन्यथा आप जहर खुरानी के शिकार हो सकते हैं। पं. सियाराम शरण चतुवेर्दी ने यात्रियों से अपील की कि महिला एवं विकलांग कोच में अनाधिकृत यात्रा ना करें। किसी भी आपात स्थिति में मुख्य हेल्पलाइन नंबर 139 पर सम्पर्क करें। उप निरीक्षक हरी ओम सिकरवार एवं आनन्द कुमार सक्सेना, ने यात्रियों से अपील की कि ट्रेन कै शौचालय में कोई भी अप्रयुक्त वस्तु बोतल नैपकिन आदि ना डालें अन्यथा वह चौंक हो जायेगा, स्टेशन आने पर ही ट्रेन का दरवाजा खोले, चलती ट्रेन से ना तो उतरे ना ही चढ़े।

# नगर कोतवाली पुलिस ने तीन वर्षीय मासूम के अपहरण का खुलासा

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा





**हापुड़।** जनपद में दिनदहाड़े हुए तीन वर्षीय मासूम बच्चे के अपहरण के मामले में पुलिस ने दो अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार दोनों अपहरणकताओं ने 3 वर्ष के मासूम बच्चे को बेचने के उद्देश्य से अपहरण किया था और उसको गाजियाबाद के लोनी में अपने रिश्तेदार के घर भेज दिया था। पुलिस ने मासूम के अपहरण का खुलासा करते हुए अपहरणकर्ता शिवा और बरखा को गिरफ्तार किया है और बच्चे को सही सलामत बरामद कर लिया है। दरअसल दोनों अपूर्करणताओं ने चिप्स दिलाने के बहाने तीन वर्षीय मासूम बच्चे का अपहरण किया था।

जानकारी ने अनुसार अपहरणकर्ता बरखा के दो भाई थे जिनमें से छोटे भाई अभिषेक की करीब 4 साल पहले साल दुर्घटना में मौत हो गई थी और बड़ा भाई राजा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण समझ रहा था। अभिषेक की मौत के बाद राजा के करीब डेढ़ वर्षीय बेटे की पड़ोसी घर के टैंक में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद राजा के एक बेटी बची थी लेकिन उसका वंश चलाने के लिए कोई बेटा नहीं था क्योंकि राजा की पत्नी के ऑपरेशन के कारण बच्चे हुए थे और भविष्य में वह अन्य बच्चे को जन्म नहीं दे सकती थी। राजा उसके पिता दामोदर और माता सुन्दरपाली, उसकी पत्नी और एक करीब डेढ़-दो वर्षीय बच्ची मोहल्ला न्यू भीमनगर में स्थित घर में रहते थे लेकिन उन्हें यह चिंता हमेशा सताती थी कि उनका वंश आगे कैसे चलेगा। अपहरणकर्ता बरखा के भाई राजा की बीती 11 दिसंबर के दिन बीमारी के चलते मौत हो गई थी। अब अब उनका वंश चलाने वाला वह अकेला भी नहीं रहा। इसके बाद वंश चलाने के लिए बरखा और उसके मृतक भैया के साले शिवा ने एक मासूम बच्चे के अपहरण की कहानी रच डाली। बताया जा रहा है कि बरखा और उसके मृतक भाई राजा का साला शिवा तीन दिन पहले हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के तहसील चौराहे के पास बाइक पर जा रहे थे तभी उन्हें एक तीन वर्षीय मासूम बच्चा दिखाई दिया जिसे उन्होंने टीचिप्स दिलाने के बहाने बाइक पर बैठा लिया और अपहरण करने के बाद उसको बरखा अपने मां-बाप के घर न्यू भीमनगर ले गई। जहां दोनों अपहरणकताओं ने तीन वर्षीय मासूम बच्चे को एक रात अपने पास रखा लेकिन उस रात अपने मां पिता से दूर होने के बाद तीन वर्षीय मासूम बच्चा खूब रोया और पूरी रात सो नहीं सका। आसपास के क्षेत्र में पूरे मामले की किसी को भनक नहीं लग जाए इसलिए अपहरणकताओं ने मासूम बच्चे को गाजियाबाद के लोनी में अपने रिश्तेदार के घर भेज दिया।

## आवारा कुत्ते का हमला दस वर्षीय बालक घायल

**कांधला।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को मोहल्ला खेल निवासी एक दस वर्षीय बालक पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज का टीका लगाया और आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी दस वर्षीय शान अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बालक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल बालक के भाई आसिफ डंडा लेकर दौड़ा और कुत्ते को भगाया।

# पोषाहार लापरवाही पर डीएम की कार्रवाई: डीपीओ का वेतन रोका, बीएमएम को हटाया

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को नौगढ़ विकास खंड की ग्राम पंचायत खजुरिया (नगवा) स्थित स्वास्तिक प्रेरणा लघु उद्योग का निरीक्षण किया। इस दौरान पोषाहार योजना में गंभीर लापरवाही सामने आई। जहां उत्पादन के मुकाबले वितरण बेहद कम पाया गया।

निरीक्षण में पता चला कि इकाई ने 50 मीट्रिक टन पोषाहार का उत्पादन किया था, लेकिन जनपद के 198 आंगनबाड़ी केंद्रों में से केवल 26 केंद्रों पर ही 7 मीट्रिक टन पोषाहार वितरित किया गया था। जिलाधिकारी ने इसे शासन की महत्वाकांक्षी योजना में गंभीर लापरवाही मानते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

इस लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का निर्देश दिया।

उन्होंने योजना में रुचि न लेने को इसका कारण बताया। साथ ही, वितरण व्यवस्था में ढिलाई पाए जाने पर संबंधित बीएमएम (ब्लॉक मिशन मैनेजर) को तत्काल हटाने का भी आदेश दिया गया।जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम और जिला कार्यक्रम अधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर पोषाहार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद की सभी पोषाहार उत्पादन इकाइयों को पूरी क्षमता से काम करने और डीसी एनआरएलएम द्वारा इसकी नियमित निगरानी करने का भी आदेश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, डीसी एनआरएलएम देवनंदन दूबे, डीएमएम और बीएमएम उपस्थित रहे।

# वीएनएम क्रिकेट अकादमी वाराणसी मैच जीतकर पहुंची सेमीफाइनल में



**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** खोचवा गांव (रूपापुर) के सूर्या पार्क मैदान पर खेली जा रही स्वर्गीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता के छठें दिन का मैच वीएनएम क्रिकेट एकडमी वाराणसी और कौशाम्बी क्रिकेट अकादमी के बिच 20-20 ओवरो का खेला गया। जिसमें कौशाम्बी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया जिसमें कौशाम्बी क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवरों में 144 रन बनाये जिसमें वंश ने 17 गेंद पे 32 रन और फैजन ने 20 गेंद 29 रन बनाये वीएनएम क्रिकेट एकडमी के तरफ से बंटी ने 4 ओवर 24 रन 2 विकेट लिये जवाब में वीएनएम क्रिकेट अकादमी ने 4 विकेट खोकर 149 रन बनाकर मैच 6 विकेट से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वीएनएम क्रिकेट एकेडमी के तरफ से रौनक ने 32 गेंद पर 66 रन 05 छक्के 07 चौका की मदद से बनाए और बंटी ने 18 गेंद पर 37 रन बनाये वीएनएम क्रिकेट एकेडमी के तरफ से बंटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# बृज भूमि में राष्ट्रवादी करणी सेना का विस्तार: राहुल सिंह राजपूत और गीता सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** योगिराज भगवान श्री कृष्ण की पावन धरा बृज भूमि में राष्ट्रवादी करणी सेना ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। वृन्दावन स्थित सामलिया ग्रुप के चेयरमैन ठाकुर यशवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। संगठन के विस्तार की इस कड़ी में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की घोषणा की गई। ठाकुर राहुल सिंह राजपूत युवा समाजसेवी को 'राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी (युवा)' नियुक्त किया गया। ठाकुर गीता सिंह 'बृज भूमि स्पोर्ट्स अकादमी' की चेयरमैन को 'राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला विंग)' की जिम्मेदारी सौंपी गई। ?मनोज सिसोदिया को संगठन का 'प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा)' मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रवादी करणी सेना के राष्ट्रीय प्रभारी ठाकुर किरनपाल सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष करण ठाकुर ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य क्षत्रिय गौरव और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखना है।

इस विस्तार कार्यक्रम के दौरान डॉ. लोकेंद्र सिंह, राजेश सिंह, यशपाल सिंह, चन्दन राघव और आकाश खण्डेलवाल सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### ट्रॉली चोरी का खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार, ट्रैक्टर सहित सामान बरामद




**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत हुई ट्रॉली चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक ट्रॉली, एक ट्रॉली को बेचकर प्राप्त 20,000 रुपये नकद, एक धुरा मय पहिए तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद किया गया है ।पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य चोरी की घटनाओं में उसकी संलिप्तता के संबंध में जानकारी जुटाई जा सके। अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाफिजपुर पर विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है ।हापुड़ पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में सफलता मिल रही है।

### भाकियू (एकता शक्ति) का गोकलपुरी में संगठन विस्तार, रवि शंकर बने विधानसभा अध्यक्ष

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** दिल्ली भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) द्वारा गोकलपुरी, दिल्ली में संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए रवि शंकर को गोकलपुरी विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया ।बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट अक्षित शर्मा एवं राष्ट्रीय सलाहकार राकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कई नए कार्यकताओं को संगठन की सदस्यता दिलाई गई तथा स्थानीय स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाकियू (एकता शक्ति) किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, बिजली-पानी जैसी जनसमस्याओं को लेकर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया ।इस अवसर पर युवा प्रदेश प्रवक्ता सुधीर कुमार, महानगर उपाध्यक्ष गाजियाबाद पवन शर्मा, जिला महासचिव गौतम बुद्ध नगर रवि प्रजापति, सुधीर प्रजापति सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीएमएफएमई योजनांतर्गत 03 दिवसीय चैन फिशरी प्रशिक्षण का शुभारंभ




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, हापुड़ में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 03 दिवसीय चैन फिशरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पवन भास्कर, सभासद एवं रमेश चन्द्र, प्रधानाचार्य, राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं प्रतिभागियों को लेखन सामग्री वितरित कर किया गया ।कार्यक्रम में बिजेन्द्र सिंह, प्रभारी, राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, हापुड़ ने प्रशिक्षण की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है ।इस अवसर पर सुरेश चन्द्र शर्मा (सेवानिवृत्त खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी) सुशील कुमार सिरोही (सेवानिवृत्त प्रभारी), प्रवेन्द्र गुर्जर (सेवानिवृत्त प्रभारी), गरेन्द्र कुमार (सेवानिवृत्त), आर.पी. मुश्या (सुरक्षा अधिकारी) गो. सलीम (उद्योग विभाग) राजीव कुमार गुप्ता (एलडीएम) आदेश गौतम एवं अनिल सोलंकी (बीआरपी) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 लाभार्थियों ने सहभागिता की।

# नए साल पर थानाध्यक्ष ने शरारती तत्वों को दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी।

**रामघाट/बुलंदशहर।** रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह ने नववर्ष को लेकर रामघाट जरगवां सहित आदि गांव में पैदल गस्त कर शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी देते हुए जागरुक करते हुए कहा है कि यदि किसी शरारती तत्व ने बिना अनुमति के डीजे बजा कर शराब पीकर हुड़दंग मचाकर शांति व्यवस्था को भंग किया तो ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा उन्होंने बताया है कि नववर्ष पर क्षेत्र में सिविल ड्रेस में भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है यदि क्षेत्र में कोई व्यक्ति बेवजह किसी को परेशान करता है या सड़क पर आने जाने वाले लोगों को शराब पीकर गाली गलौज अभद्रता मारपीट हुड़दंगबाजी करता पाया जाता है तो ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल पर लगाया फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाने का आरोप , कार्रवाई की मांग

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड नौगढ़ क्षेत्र के ग्राम सभा महदेवा खुर्द के ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल पर आरोप लगाया है कि दूसरी गांव की रहने वाली एक महिला का महादेवा गांव का फर्जी निवास पत्र बना कर उससे लाखों रुपया लेकर सार्वजनिक तालाब का मछली पालन के लिए पट्टा कर दिया गया। ग्रामीणों ने मंगलवार को डीएम सिद्धार्थनगर को शिकायती पत्र देकर जांच कर लेखपाल पर कार्रवाई की और सार्वजनिक तालाब का पट्टा निरस्त करने की मांग की है।

गांव के ग्रामीणों ने शिकायती पत्र के माध्यम से डीएम को बताया कि हमारे गांव के हल्का लेखपाल द्वारा एक अज्ञात महिला जिसका नाम झिलमिला पत्नी निर्मल जो प्रार्थीगण के ग्राम सभा की सदस्य नही है , से नाजायज लाभ लेकर उसका निवास प्रमाण पत्र दिनांक 25-2-2024 को जारी कर दिया तथा उसी निवास प्रमाण पत्र को आधार मानकर ग्राम समाज का मत्स्य पालन आवंटन 10 वर्षीय पट्टा दिनांक 12-11-2024 को बिल्कुल गैर कानूनी तरीके से लाखो रूपया लेकर चोरी चोरी कुछ लोगों की मिली भगत के सहयोग से करा दिया है, ग्रामीणों ने आगे बताया कि उक्त महिला ग्राम सभा की कभी भी मूल सदस्य नही रही है। ग्राम सभा में तमाम पात्र व्यक्तियों के होने के बावजूद बगैर किसी सूचनाके उक्त पट्टा का आवंटन किया गया है।

ग्रामीणों ने डीएम से अधिनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों से प्रकरण की जाँच करवाकर महिला झिलमिला पत्नी निर्मल का निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने और सम्बन्धित भ्रष्ट कर्मचारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# मुसाफिरखाना तहसील में अधिवक्ताओं का जोरदार प्रदर्शन एसडीएम पर दुर्व्यवहार व घूसखोरी के आरोप



**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** तहसील परिसर में बुधवार को अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अभिनव कनौजिया के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया अधिवक्ता संघ ने एसडीएम पर संघ के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया।

इस दौरान तहसील परिसर नारेबाजी से गूंज उठा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बेद प्रकाश शुक्ला ने आरोप लगाया कि एसडीएम घूस लेकर आदेश पारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवहार न केवल अधिवक्ताओं के सम्मान के खिलाफ है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने वाला है प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक एसडीएम अभिनव कनौजिया को मुसाफिरखाना से हटाया नहीं जाता, तब तक उनकी अदालत का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की प्रदर्शन में के. सिंह, अंजनी मिश्रा, पवन तिवारी सतीश सिंह राजन सिंह राजीव तिवारी कुलदीप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। स्थिति को देखते हुए तहसील परिसर में पुलिस बल भी तैनात किया गया।

फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# मण्डलायुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया राधारानी मन्दिर का निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने नगर पंचायत बरसाना स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री राधा-रानी जी मन्दिर को जोड़ने वाली गलियों, मार्गों, सीढ़ियों आदि का निरीक्षण किया।

उन्होंने मंदिर के मार्गों में स्थित दुकानदारों से आग्रह किया कि अपने दुकानों का सामान अंदर रखे। मार्ग को अवरुद्ध न करे। उन्होंने श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों आदि हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी अधिकारी सीढ़ियों के मार्ग से श्री राधा-रानी जी मंदिर पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा एवं सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मारपीट में पांच घायल, चार पर मुकदमा

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के मेंहदीगंज गांव (मिजार्मुराद) में बाइक से टक्कर के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया ।जिसमें एक पक्ष से लाठी-डंडा चलने से आरिफ, रमजान, शालू, मीना व सद्दाम घायल हो गया ।वही मारपीट में आरिफ का नाक काटकर अलग हो गया ।उक्त घटना सोमवार की रात की बताई गई ।पीड़ित आरिफ मंगलवार की शाम मिजार्मुराद थाने पहुंचे मेंहदीगंज गांव (मिजार्मुराद) निवासी बदरे आलम, नवसाद, सद्दाम व आलमगीर के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देना का तहरीर दिया ।मिजार्मुराद पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

# गिरार्जी का दुग्धाभिषेक कर गौपूजन के बाद सभी भक्तों ने लगाई गिरार्जी परिक्रमा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** श्री गिर्राज धाम में श्रद्धा और भक्ति की अविरल धारा में हाथरस से आये भक्तो ने गोवर्धन महारज का पूजन भजनों के साथ किया, वही गिर्राज महाराज की दिव्य परिक्रमा गौमाता के पूजन के साथ प्रारम्भ की छप्पन भोग मनोरथ उत्सव का भव्य शुभारंभ भी किया। श्री गिर्राज सेवा मित्र मंडल हाथरस की मित्र मंडली ने श्रीजी धाम एवं श्री गिर्राज धाम, बड़ी परिक्रमा मार्ग, आन्यौर गोवर्धन में गौपूजन कर श्री गिर्राज महाराज का दिव्य दुग्धाभिषेक कर भव्य छप्पन भोग मनोरथ का विधिवत शुभारंभ किया।

वही आयोजित भव्य समारोह में आशीष शर्मा ने रमाकांत गोस्वामी और सीपुजी महारज का पटका तस्वीर देकर सम्मान स्वागत किया, और माधव पंडित जी द्वारा गोविंदाभिषेक से आरंभ कराया, पूज्य ब्राह्मणों ने चांदी की सुरभि गाय से परिक्रमा मार्ग के सभी कुंडों के जल एवं दुग्ध की धार के साथ गोविंद अभिषेक विधिवत संपन्न किया। इसके उपरांत, बैंड-बाजे और तोप से भजन मंडलियों के संग सभी सदस्यों ने गोवर्धन महाराज की विराट परिक्रमा का शुभारंभ किया।

इस परिक्रमा में गिरिराज जी डोले पर विराजमान रहे और भजन मंडली परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाती रही। कई भजन गायक गायिका परिक्रमा में साथ मौजूद हाथरस के पं आशीष शर्मा एवं गुंजन शर्मा ने बताया कि पूरे दिन भक्तजन श्री गिरिराज धरण हम तेरी शरण के जयकारों के साथ परिक्रमा में सम्मिलित रहे। परिक्रमा के बाद संध्या में सभी श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग स्थल पर भजन संध्या का आनंद लिया और मानव श्रृंखला बनाकर छप्पन भोग सजाने का कार्य में लगे रहे। उनके साथ में काफी संख्या में हाथरस से आये भक्त इस आयोजन में शामिल हुए।

# कडाके की ठंड में गरीबों की सेवा: समाजसेवी ने असहाय, जरूरतमंदों मे किया कंबल वितरण

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** कड़ाके की ठंड और गिरते पारे के बीच नौगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत महरिया के पंचायत भवन पर सोमवार को सेवा और संवेदना का अनुपम दृश्य देखने को मिला।

नौगढ़ शहर स्थित दिल्ली चार्ट कॉर्नर के मालिक समाजसेवी अब्दुल मन्नान ने एक विशाल कंबल वितरण का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो जरूरतमंदों को ठंड से राहत दिलाने के लिए गर्म कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान कंबल वितरण कार्यक्रम में आसपास गांव के बड़ी संख्या में बुजुर्ग महिला-पुरुष, दिव्यांगजन और असहाय लोग शामिल हुए। यह पहल गरीबों के लिए ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य की गई। समाजसेवी अब्दुल मन्नान ने बताया कि समाज सेवा करना उनकी पुरानी परंपरा है उन्होंने कहा हर साल ठंड के महीने मे अपनें जन्म भूमि के गांव महरिया में आकर आसपास के गांव कोल्हू, देवलहवा, मिर्चाहवा, फूलवापुर, निबुहिया, सेमरा हुसैन बक्श, बभनी लगड़ी, बभनी खुर्द, महुआ डिहवां, रोआपार के जरूरतमंदों को कंबल बांटते हैं असहाय और गरीब लोगों की मदद करने से आत्मिक संतोष मिलता है।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान जमालुद्दीन अन्सारी, शमशाद अहमद, हजरत अली, समीउल्लाह, नसीबदार, समीम भाई, सुल्तान, फैजान, जावेद खां आदि लोग मौजूद रहे।



# बाबूगढ़ के गांव बाड़ली पंचायत चुनाव में फजीवड़े का उजागर नाबालिगों के वोट बनाने का सनसनीखेज आरोप

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के बाबूगढ़ के गांव बाड़ली पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित सूची में नाबालिगों को आधार कार्ड में जन्मतिथि बदलकर या आयु बढ़ाकर मतदाता बनाया गया है।

शिकायतकताओं का कहना है कि कई लोगों ने मूल आधार कार्ड दिखाने से इनकार कर दिया और कहा कि उनकी वोट किसी ने बनवा दी है, अब इसे कटवा दो ।पत्र में यह भी उल्लेख है कि कुछ परिवारों में कई बच्चों की आयु एक जैसी दर्ज है, जबकि कुछ व्यक्तियों की शादी को 18 वर्ष भी नहीं हुए, लेकिन उनके बच्चों के नाम मतदाता सूची में शामिल हैं। शिकायत में संलग्न दस्तावेजों में कुछ वोटों का क्रमांक, आधार कार्ड की प्रतियां और स्कूल विवरण दिए गए हैं, ताकि विद्यालयों से जांच हो सके। इसमें दूसरे गांवों के आधार कार्ड और बिना बारकोड वाले फर्जी कार्डों का भी जिक्र है ।शिकायतकताओं ने मांग की है कि सभी फर्जी वोटों को हटाया जाए।

# उत्तर प्रदेश शिक्षक महासभा प्रान्तीय सम्मेलन सारनाथ में द्वितीय दिवस का समापन हुआ

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश शिक्षक महासभा द्वारा आयोजित प्रान्तीय सम्मेलन का द्वितीय दिवस डा० अम्बेडकर शिक्षा समिति सारनाथ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ उद्घाटन समारोह पूज्य भंते अशोक मित्र व डॉ० धम्म प्रिय ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण,पंचशील के माध्यम से तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उद्घाटन किया अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार ने की मुख्य अतिथि व वक्ता मुख्य अतिथि श्रद्धेय बुद्ध मित्र मुसाफिर अबाजका,राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की महत्ता तभी है,जब संगठन में अधिक से अधिक लोग जुड़े और अपने हक व अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें

मुख्य वक्ताओं में गंगा प्रसाद (संरक्षक), डाक्टर रवि कुमार (उपाध्यक्ष),प्रेम सागर (उपाध्यक्ष),रमेश चंद्र (प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष),राज नारायण (प्रांतीय संयोजक),नीरज कुमार विमल (प्रदेश संगठन मंत्री),हृदय राज कपूर (प्रान्तीय मीडिया प्रभारी),डाक्टर दिनेश कुमार (मंडल अध्यक्ष वाराणसी) शामिल रहे विशिष्ट अतिथि व संचालन विशिष्ट अतिथियों में गुलाबचंद गौतम (प्रधान संपादक), देवेंद्र कुमार,राजीव कुमार चौधरी (लेखा अधिकारी नगर निगम वाराणसी), लालमन द्रविड़ (मंडल महामंत्री इलाहाबाद),सुजीत कुमार (जिलाध्यक्ष वाराणसी),गिरीश चंद्र (जिलाध्यक्ष चंदौली),मनोज कुमार गौतम (जिलाध्यक्ष जौनपुर) आदि उपस्थित रहे संचालन कुंवर जीत इलाहाबादी (महामंत्री) एवं महेंद्र कुमार (पूर्व प्रधानाचार्य) ने किया

सम्मान समारोह सभी मुख्य अतिथियों,वक्ताओं को स्मृति चिन्ह,प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया प्रतिभागी प्रधानाचार्यों,शिक्षक,शिक्षिकाओं को अधिवेशन व शैक्षिक संगोष्ठी के प्रमाण पत्र प्रदान किए गऐ

गरिमामय उपस्थिति में देवकुमार,रवि सेन नाग,धर्मेंद्र कुमार,शशि प्रकाश गौतम, डाक्टर सुनीता,मीना कुमारी, आशा रानी, रागनी चंद्रा,मो० जसलीन,रामदेव सोनकर, रिंकू मौर्य,डाक्टर राम प्रकाश अहिरवार,अजीत प्रताप सिंह,दीपक जायसवाल,सत्य प्रकाश पटेल,छोटे लाल सिंह,राम जतन पाल,अजय कुमार महतो आदि शामिल रहें यह आयोजन शिक्षक संगठन को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित हुआ

## राम मंदिर निर्माण में बाबू कल्याण सिंह जी की भूमिका ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय

**बुलंदशहर।** उक्त विचार अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक एवं एटा के पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने व्यक्त किए। राजू भैया मंगलवार को महतो अमर सिंह लोधी के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर लोक किसान इंटर कालेज ईलना परवाना के मैदान में युवा सम्मेलन शैक्षिक एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित विशाल जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि लोधी राजपूत समाज का इतिहास रामभक्ति देशभक्ति और सामाजिक स्वाभिमान से भरा हुआ है। बाबू कल्याण सिंह ने अपनी सत्ता की परवाह किए बिना रामजन्म भूमि आंदोलन में ऐतिहासिक भूमिका निभाई और उसी के फलस्वरूप अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हो सका। शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि समाज को शिक्षित बनाना बेहद जरूरी है ।

# कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**वेलकम इंडिया**

**कांडा,पंकज डसीला।** अंकिता हत्याकांड में जिस व्यक्ति का नाम सोशल मीडिया समेत अन्य जगह उछल रहा है। उसको जन्मदिन पर बधाई देने पर कांग्रेस ने कड़ी नाराजगी जताई है। कपकोट के विधायक पर सोशल मीडिया पर बधाई देने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी की ।

कांग्रेस ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। कहा कि जब अंकिता को न्याय नहीं मिल जाता तब तक वह चुप नहीं रहेंगे।

कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलवार को कांडा डाक बंगले में पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड में भाजपा नेता दुष्यंत गौरम का नाम प्रकाश में आ रहा है, लेकिन कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ऐसे व्यक्ति को उनके जन्म दिन पर सोशल मीडिया पर बधाई दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि वह अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग करते तो देवभूमि में देवी-देवताओं को उन्हे आशीर्वाद मिलता। उन्होंने पूरे प्रकराण की निंदा करते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग दोहराई है।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट, ब्लांक अध्यक्ष केवलानंद पांडेय,पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण,पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेन्द्र टंगड़िया,छात्र संघ कांडा अध्यक्ष शैलानी आर्या जीवन धपोला मनोज राठौर गोकुल नगरकोटी,आलम मेहरा, महेश राठौर वंशीधर कांडपाल आदि मौजूद थे।

## ग्रह-नक्षत्रों के महासंयोग से बदलेगा भाग्य का लेखा-जोखा



**प्रयागराज।** नववर्ष 2026 धर्म, आस्था और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाला है। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या कावेरी मुखर्जी के अनुसार, वर्ष 2026 में शनि, गुरु और राहु-केतु के विशेष योग मानव जीवन में बड़े परिवर्तन के संकेत दे रहे हैं। यह वर्ष कर्म, धैर्य और आध्यात्मिक चेतना को नई दिशा देगा। ज्योतिषाचार्या नीरू नागी बताती हैं कि वर्ष की शुरूआत में शनि की स्थिर दृष्टि जहां परिश्रम की परीक्षा लेगी, वहीं गुरु का शुभ प्रभाव ज्ञान, धर्म और आर्थिक उन्नति के नए अवसर प्रदान करेगा। विशेष रूप से यह वर्ष न्याय, सेवा, साधना और सत्य के मार्ग पर चलने वालों के लिए फलदायी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि 2026 में कई राशियों के लिए रुके हुए कार्य पूरे होने के प्रबल योग हैं, वहीं युवाओं और व्यापारियों के लिए नए मार्ग खुलेंगे। धार्मिक दृष्टि से यह वर्ष दान, जप, तप और सेवा के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना जा रहा है। ज्योतिष नीरू नागी बताती हैं किह्लनववर्ष 2026 केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, कर्म-सुधार और ईश्वर से जुड़ने का अवसर है। जो धर्म और सत्य के पथ पर चलेगा, ग्रह-नक्षत्र भी उसी का साथ देंगे। धर्म और ज्योतिष के संगम से यह नववर्ष 2026 जनमानस के लिए नई आशा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएगा।

## नरेंद्र बिष्ट बने ब्लॉक अध्यक्ष, रंजीत रावत बने नगर अध्यक्ष



**गरुड़, दिनेश नेगी।** जिला कांग्रेस कमेटी ने सर्वसम्मति से गरुड़ ब्लाक अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कांग्रेस कार्यकताओं ने नरेंद्र बिष्ट को कांग्रेस कमेटी का नया ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने जबकि रंजीत रावत को कांग्रेस कमेटी का नगर अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने सभी वरिस्ठ कार्यकताओं की सहमति के बाद सभी कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए दोनों पदाधिकारियों के नाम पर अपनी सहमति दी। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकताओं ने पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। बैठक में सभी कार्यकताओं ने सँगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस सँगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु अपना अतुलनीय सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया ।वही कांग्रेसी कार्यकताओं ने नवागत ब्लॉक अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष का स्वागत किया ।इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष रवि चंद, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण,पूर्व राज्यमंत्री गोपाल दत्त भट्ट,पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, वरिस्ठ कांग्रेसी नेता और जिला पंचायत सदस्य बबलू नेगी,लक्ष्मण आर्य, आनंद बिष्ट, शंकर दत्त जोशी,प्रकाश कोहली,ललित परिहार,कैलाश पंवार,धर्मेंद्र आर्य, भोलादत तिवारी,प्रकाश आर्य,नरेंद्र कुमार,सुंदर बरोलिया,संजय फर्स्वाण,,सूरज कुमार, सुनील पांडे आदि मौजूद थे।

# आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने वाराणसी स्टेशन पर संघन चेकिंग अभियान चलाया

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा स्टेशन वाराणसी पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया,प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गईं इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही हैं वाराणसी कैंट स्टेशन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में 30 दिसम्बर मंगलवार को स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर आने जाने वाली ट्रेनों में विशेष रूप से महिला व विकलांग कोच में अन्य यात्रियों के न बैठने की हिदायत के साथ अभियान चलाकर चेकिंग की गई।

वाराणसी स्टेशन पर सेकण्ड एंट्री प्लेटफार्म संख्या नौ के बाहर सकुर्लेटिंग एरिया नो पार्किंग जोन में ऑटो वाहन लगाने के जुर्म में आठ ऑटो चालकों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 159 में मामला पंजीकृत किया गयो वाराणसी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 15054 लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस में चैन पुलिंग करने के जुर्म में एक व्यक्ति के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 141 में मामला पंजीकृत किया गया तथा वाराणसी स्टेशन पर सीआइबी वाराणसी व आरपीएफ वाराणसी द्वारा संयुक्त चेकिंग में गाड़ी संख्या 13239 पटना-कोटा एक्सप्रेस में दो अवैध वेंडरों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 144 में मामला पंजीकृत किया गया।

वाराणसी स्टेशन पर सकुर्लेटिंग एरिया रोपवे के पास अशिष्ट कार्य कर गंदगी फैलाने के जुर्म में सात व्यक्ति तथा यात्री हाल व काउंटर पर न्यूसेंस करने के जुर्म में एक व्यक्ति,कुल आठ व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 145 में मुकदमा पंजीकृत किया गयो कुल 19 के खिलाफ रेलवे एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया।

## इनकम टैक्स कटौती को लेकर नगर निगम में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** नगर निगम वाराणसी में इनकम टैक्स कटौती से संबंधित प्रावधानों को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम में आयकर विभाग से आयकर अधिकारी कौशल कुमार श्रीवास्तव एवं अनिरुद्ध श्रीवास्तव द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गईं प्रशिक्षण के दौरान आयकर अधिकारियों द्वारा इनकम टैक्स कटौती, वर्तमान टैक्स स्लैब एवं पूर्व के स्लैब की तुलना करते हुए यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान व्यवस्था किन परिस्थितियों में अधिक लाभकारी हैं इसके साथ ही ठेकेदारों पर लागू दो प्रतिशत टीडीएस कटौती,उसके प्रावधानों एवं अनुपालन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में टीसीएस कटौती से संबंधित नियमों,दायरे एवं व्यवहारिक उदाहरणों पर भी प्रकाश डाला गया इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का आयकर अधिकारियों ने सरल एवं स्पष्ट रूप से उत्तर दिया,जिससे कर संबंधी शंकाओं का समाधान हो सका प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम वाराणसी के मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला ने की उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को वित्तीय अनुशासन एवं नियमों के समुचित अनुपालन हेतु अत्यंत आवश्यक बताया कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट अचल श्रीवास्तव,नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के सचिव डाक्टर वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा की गई यह बैठक पिन्ड्रा तहसील क्षेत्र में बढ़ रही अवैध प्लाटिंग की शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित की गईं बैठक में पिन्ड्रा तहसील के समस्त लेखपालों एवं तहसील कर्मचारियों को बुलाया गया जिन्हें वाराणसी विकास प्राधिकरण अधिनियम तथा प्रचलित नियमों के अंतर्गत अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गईं सचिव डाक्टर वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की अवैध प्लाटिंग, भूमि विभाजन अथवा बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए तथा इसकी सूचना समय से प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाऐ

सचिव डाक्टर वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि अवैध प्लाटिंग से न केवल नियोजित शहरी विकास बाधित होता है,बल्कि भविष्य में आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क,जल,विद्युत एवं सीवर व्यवस्था के अभाव जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं अतः सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखें बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि तहसील स्तर पर राजस्व विभाग एवं वाराणसी विकास प्राधिकरण के बीच समन्वय बनाकर संयुक्त रूप से निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा जिससे अवैध प्लाटिंग की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके ।

# धर्म और ज्योतिष का संदेश: नववर्ष 2026 में कर्म से बदलेगा भाग्य

**वेलकम इंडिया**



ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी बताती हैं कि नववर्ष 2026 कर्म, संयम और सकारात्मक सोच का वर्ष है। ग्रहों की अनुकूलता तभी फल देती है जब मन, वचन और कर्म शुद्ध हों। ईश्वर पर विश्वास रखें, परिश्रम करें–सफलता अवश्य मिलेगी।

राशिफल 2026 संक्षेप में

**मेष राशि:** समय अनुकूल बनता दिख रहा है। साढ़ेसाती का प्रथम चरण मेहनत बढ़ाएगा, लेकिन राहु के 11वें भाव में होने से आय व लाभ के योग हैं। जून में गुरु का कर्क राशि में प्रवेश मानसिक शांति और नई संपत्ति के संकेत देगा।

**वृषभ राशि:** 2026 नए अवसरों से भरा रहेगा। नई नौकरी और मनोकामना पूर्ति के योग हैं। छोटे भाई-बहनों के स्वास्थ्य और जरूरतों का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन राशि:** धन संचय के प्रबल योग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा, हालांकि कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा।

**कर्क राशि:** मान-सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। अष्टम भाव के राहु के कारण सतर्कता आवश्यक है।

**सिंह राशि:** शनि की ढैय्या प्रभावी है। मई तक समय अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें।

**कन्या राशि:** बेहद शुभ वर्ष। पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और किसी बड़ी इच्छा की पूर्ति संभव है। जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध बनाए रखें।

**तुला राशि:** साल की शुरूआत शानदार रहेगी। मेहनत का पूरा फल मिलेगा और भाग्य का साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**वृश्चिक राशि:** 2026 नई शुरूआत का वर्ष है। धर्म के मार्ग पर चलने से उन्नति होगी। कुछ नया सीखने से मानसिक शांति प्राप्त होगी।

**धनु राशि:** शनि की ढैय्या प्रभाव में है। पहला भाग अच्छा रहेगा, लेकिन दूसरे भाग में सावधानी जरूरी है। स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर राशि:** नई उम्मीदों और नए अवसरों का वर्ष। नौकरी और स्थान परिवर्तन के योग हैं। खर्चों पर संयम रखें।

**कुंभ राशि:** साढ़ेसाती चल रही है। साल का पहला भाग अच्छा, दूसरा भाग आर्थिक मामलों में सतर्कता मांगता है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मीन राशि:** साढ़ेसाती के बावजूद साल का दूसरा भाग अत्यंत शुभ। विद्यार्थियों के लिए शानदार समय, नाम-यश के योग हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान आवश्यक।

# रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 भारत के अगले विकास चरण की शांत लेकिन मजबूत नींव



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** जैसे-जैसे 2025 अपने अंतिम चरण में पहुँच रहा है समाचार की बड़ी सुर्खियों पर आसानी से नजर जाती है, लेकिन कुछ बातें छूट जाती हैं जैसे शासन का शांति से किया जा रहा कार्य लगातार,सप्ताह दर सप्ताह अड़चनों का निपटारा सुधार एक्सप्रेस 2025 से मेरा मतलब यही संचयी जोर हैं भारत का सांकेतिक जीडीपी लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर की सीमा को पार कर गया और भारतीय अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गईं स्टैण्डर्ड एंड पूअर्स ने 18 साल बाद भारत की सॉवरेन रेटिंग बीबीबी श्रेणी में की, जो संकेत है कि अर्थव्यवस्था की वृहद् गाथा ने केवल गति ही नहीं, बल्कि स्थायित्व भी हासिल किया है। एक अनिश्चित दुनिया में,जहाँ राजनीतिक उथल-पुथल आम बात हो गयी है, भारत का स्थिर नेतृत्व सुधारों को विश्वसनीय बनाता है और विश्वसनीय सुधार निजी सतर्कता को निजी निवेश में परिवर्तित करते हैं।

मैंने देखा है कि गैट और डब्ल्यूटीओ प्रणाली से लेकर बहुपक्षीय मंचों तक,नियम केवल उतने ही अच्छे होते हैं जितना कि वे प्रोत्साहन पैदा करते हैं जब प्रक्रियाएँ अस्पष्ट होती हैं,तो विवेकाधिकार बढ़ जाता है और फिर अच्छी मंशा वाली नीति भी उद्यम को हतोत्साहित करती है जब प्रक्रियाएँ स्पष्ट और समयबद्ध होती हैं तो प्रतिस्पर्धा फलती-फूलती है,निवेश योजनाएँ लागू होती हैं और रोजगार सृजित होते हैं भारत का कुल निर्यात 2024-25 के दौरान 825.25 बिलियन डॉलर पर पहुँच गया जो 6 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर दशार्ता हैं इस व्यापार की मात्रा का समर्थन करने के लिए,सरकार ने कई डिजिटल उपकरण पेश किये हैं, जैसे व्यापार कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म,जो निर्यातकों के लिए एकल डिजिटल विंडो है और व्यापार खुफिया और विश्लेषण (टीआईए) पोर्टल,जो वास्तविक समय में बाजार डेटा प्रदान करता है।

भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता,जिस पर जुलाई 2025 में हस्ताक्षर हुए, ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया,जिसमें व्यापक शुल्क मुक्त पहुंच और सेवा और कौशल आवागमन के लिए स्पष्ट मार्ग शामिल हैं दिसंबर 2025 में भारत ने ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए जिससे वस्तुओं,सेवाओं और निवेश के लिए एक रणनीतिक आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुईं भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता का भी समापन किया जिससे भारत की पहुंच को उच्च मूल्य वर्ग वाले बाजारों में विस्तार मिला और अनुशासित,व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण समझौतों के लिए एक रूपरेखा स्थापित हुईं भारत के स्टार्टअप क्षेत्र का विस्तार हुआ जिसमें दो लाख से अधिक सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप शामिल हैं और जिसने 21 लाख से अधिक नौकरियां सृजित करने में मदद की डिजिटल वाणिज्य के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) ने 3.26 करोड़ से अधिक ऑर्डर पूरे किए जिनमें औसतन प्रतिदिन 5.9 लाख से अधिक लेनदेन हुऐ इसके अतिरिक्त,सरकार की ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) का संचयी लेनदेन 16.41 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया जिसमें 11 लाख सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 7.35 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के ऑर्डर मिले।

भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में भी अपनी स्थिति में सुधार किया और 139 अर्थव्यवस्थाओं में 38वें स्थान पर पहुँच गया व्यवसाय संचालन को सरल बनाने के प्रयासों के परिणामस्वरूप 47,000 से अधिक अनुपालन कम हुए और 4,458 कानूनी प्रावधान अपराध मुक्त हुऐ नवंबर के अंत तक,राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली ने 8.29 लाख से अधिक अनुमोदनों को संसाधित किया अवसंरचना योजना में भी बदलाव देखने को मिला,क्योंकि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को निजी क्षेत्र के लिए खोला गया और परियोजना निगरानी समूह पोर्टल ने 3,000 से अधिक परियोजनाओं को शामिल किया है जिनका कुल मूल्य 76 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

विश्वास आधारित शासन को अपनाते हुए,संसद ने निरस्तीकरण और संशोधन विधेयक 2025 पारित किया जिससे 71 पुराने अधिनियमों को हटा दिया गया जो अपनी उपयोगिता पूरी कर चुके थें व्यवसाय करने में आसानी भी जिले स्तर की सुधार रूपरेखाओं के माध्यम से उद्यमियों के करीब आई,जिसमें जिला व्यवसाय सुधार कार्य योजना 2025 शामिल है जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रशासन को अधिक उत्तरदायी,पूवार्नुमान योग्य और जिम्मेदार बनाना हैं आधुनिक श्रम प्रणाली पैमाने, विनिर्माण और एक ऐसी सेवा अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है,जो नौकरियों को औपचारिक बनाना चाहती है और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना चाहती है,21 नवंबर 2025 से लागू हुई चार श्रम संहिताओं के साथ,29 केंद्रीय श्रम कानूनों को पारिश्रमिक,औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा को कवर करने वाली सरल रूपरेखा में समेकित किया गया है।

# टेक एक्सपो 5.0 प्रतियोगिता में छाया स्कूल के बच्चों ने 4 ट्राफी समेत 40 स्वर्ण पदक जीत रचा नया इतिहास

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** प्रोजेक्ट एग्जीबिशन कम कंपटीशन बेस्ड ओन स्टीम इनोवेशन प्रतियोगिता जो गाजियाबाद के प्रतिष्ठित संस्थान आरकेजीआईटी द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें 70 से अधिक स्कूलों के लगभग 500 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। छाया पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ट्राफी समेत 40 स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया साथ ही 21000 का नगद पुरस्कार भी हासिल किया बच्चों द्वारा तैयार किए गए सभी प्रोजेक्ट अपने आप में विशेष थे। जिसकी सभी वैज्ञानिकों दर्शकों द्वारा जमकर तारीफ की गई ।बच्चों द्वारा सभी प्रोजेक्ट का




प्रेजेंटेशन काबिले तारीफ रहा।बच्चों के इस कार्य को पूर्ण करने में उनके विज्ञान विषय के शिक्षकों निशांत वर्मा, मोनिका त्यागी, प्रीति व विशाल कर्दम सभी का विजेता छात्रों इस मुकाम तक पहुंचने में विशेष योगदान रहा।विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की इन बच्चों के अंदर इतनी काबिलियत है की आने वाले कल में यह देश के विभिन्न बड़े पदों पर आसीन होंगे और मोदीनगर ही नहीं देश का नाम रोशन करेंगे।प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी द्वारा विजेता छात्रों को व उनके शिक्षकों को इस उपलब्धि पर सम्मानित कर बधाई दी और उन्होंने कहा कि छाया पब्लिक स्कूल स्थापना कल से ही शिक्षा के प्रति पूरी तरह समर्पित रहा है और देश को आईपीएस, आई एस, जज, विंग कमांडर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, कौन बनेगा करोड़पति विजेता ऑपरेशन सिंदूर जैसे बड़े मुकाम में अपनी विशेष भूमिका अदा करने वाले अधिकारी दिए हैं।जो मोदीनगर शहर के लिए बड़े ही गर्व की बात है इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# रविंद्र त्यागी को बोर्ड फॉर वेस्टर्न क्रिकेट इन इंडिया संगठन के सेंट्रल जोन का सचिव नियुक्त किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बीवीसीई अध्यक्ष प्रवीण त्यागी ने बोर्ड फॉर वेस्टर्न क्रिकेट इन इंडिया संगठन के सेंट्रल जोन का रविंद्र त्यागी को सचिव नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वेटरन क्रिकेट टूनार्मेंट 28 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक चियांग माई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम थाईलैंड में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में एशिया के प्रमुख क्रिकेट प्रेमी देश की वेटरन टीम में भाग लेंगे। जिसमें यह टूनार्मेंट ने केवल खेल बल्कि आपसी सौहार्द और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का भी सशक्त मंच बनेगा ।

रविंद्र त्यागी ने कहा प्रशासनिक दक्षता और वेटरन क्रिकेट के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। एशियाई लीजेंड कप 2026 के सफल आयोजन करने में महत्वपूर्ण और प्रभावी भूमिका निभाऊंगा और इस भव्य अंतरराष्ट्रीय आयोजन के सफल और ऐतिहासिक होने की कामना करता हूं तथा सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं देता हूं। नगर पंचायत निवाड़ी में खुशी की लहर कस्बा निवाड़ी निवासी रविंद्र त्यागी को सेंट्रल जोन के सचिव पद पर नियुक्त करने



पर क्षेत्र वासियो में खुशी की लहर बीवीसीआई अध्यक्ष प्रवीण त्यागी जी का बहुत-बहुत आभार जाताया। आभार जताने वालों में वरिष्ठ किसान नेता सत्येंद्र त्यागी निवाड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी, कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, कोऑपरेटिव सोसाइटी के उपाध्यक्ष आदित्य त्यागी युवा नेता अंकित त्यागी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, व्यापारी नेता आशीष गोयल, कपिल बॉस, पूर्व सभासद शेखर त्यागी, सभासद राजकुमार त्यागी, सभासद जगदीश कुमार, सभासद विक्की त्यागी, सभासद मंगेश्वर, जय भगवान फौजी, नरेंद्र त्यागी आदि लोगों ने खुशी जाहिर की।

# शिक्षा के प्रति समर्पित शिक्षक थे मोहम्मद शफीक-संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बुधवार को ए.एच. एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद शफीक व पूर्व प्रधानाचार्य अब्दुल्ल रऊफ अंसारी की पत्नी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि मोहम्मद शफीक शिक्षा के प्रति समर्पित शिक्षक थे। शिक्षक और प्रधानाचार्य के रूप में उनकी सेवाएं सदैव याद की जाएंगी।उन्होंने कहा कि सैद्धांतिक मूल्यों के अनुपालन को लेकर वे कठोर सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी वे अपने वसूल से विचलित नहीं होते थे। उन्हें विद्यालय से बहुत लगाव था।वे मुझे पुत्रवत स्नेह देते थे। हमने अपने सेवाओं की शुरूआत उन्हीं के सानिध्य में किया। हमने अपना अभिभावक खो दिया। श्री द्विवेदी ने कहा कि पूर्व प्रधानाचार्य अब्दुल रऊफ अंसारी की पत्नी का भी असामायिक निधन हम सबके लिए दुखदाई है।ईश्वर परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर दोनों मृतात्माओं की शान्ति की कामना की गई। इस अवसर पर मोहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मोहम्मद यूनुस, मु. शाहिद, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुस्सलाम, ओबैदुल्लाह, जुबेर अहमद, जाहिद, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह सिद्दीकी,रफी अहमद, अखिलेश कुमारी, विनोद कुमार, अवधेश त्रिपाठी, आरिफ अली आदि मौजूद रहे।

# चार साहबजादो की शहादत को समर्पित कीर्तन समागम किया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी में गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादो की शहादत को समर्पित कीर्तन समागम किया गया जिसमें दिल्ली झिलमिल कॉलोनी से आया बाबा फतेह सिंह जी कीर्तनी जत्था द्वारा कीर्तन करके संगतो को उनके बलिदान के बारे में बताया गया सभी श्रद्धालुओं में बड़े ही प्यार और श्रद्धा से कीर्तन श्रवण करा और बोले सोनीहाल के जयकारे लगाए गुरु घर के ग्रंथि ज्ञानी जोरावर सिंह जी ने भी चार साहिबजादे की शहादत ओर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला व संगतो को बताया कैसे छोटी-छोटी उम्र में इन नन्हे वीर बालकों नेअपने प्राणों का बलिदान दिया औरंगजेब अत्याचार सहे लेकिन अपने धर्म नहीं बदला गुरबाणी विचार उपरांत गुरु का लंगर अटूट बांटा गया सभी संगतो ने बड़े ही प्यार से गुरु का लगर प्रसाद



ग्रहण करके उन्ह नन्हे नन्हे छोटे बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की गुरु घर के सेक्रेटरी सरदार सुरजीत सिंह जी ने कहा की इस तरह की सेवाएं और समागम आगे भी गुरुद्वारा साहब में होते रहेंगे स्त्री सत्संग में भी कीर्तन द्वारा छोटे साहबजादे को श्रद्धांजलि अर्पित की इस सेवा में निम्न सेवादार उपस्थित रहे सरदार गुरमीत सिंह जी सरदार बलविंदर सिंह सरदार सुरजीत सिंह सरदार मनमोहन सिंह सरदार दलवीर सिंह सरदार तरनजीत सिंह सरदार मंजीत सिंह सरदार सतवंत सिंह सरदार हरजीत सिंह सरदार नवदीप सिंह स्त्री सत्संग में, हरवीर कौर मनजीत कौर, गुरविंदर कौर सर्वजीत कौर ,मनमीत कौर जितेंद्र कौर, कवलजीत कौर रंजीत कौर ,रोजी, सिमरन, हरिंदर कौर आदि श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# राजाखेड़ा उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आचार्य गुणवत्ता विकास की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** राजाखेड़ा आचार्य गुणवत्ता विकास वर्ग की दृष्टि से एक दिवसीय कार्यशाला आदर्श विद्या मंदिर राजाखेड़ा में संपन्न हुई जिसमें विभिन्न विषयों पर मंथन रहा प्रभावी वंदना एवं पंच परिवर्तन का विषय प्रदीप कुमार शर्मा प्रधानाचार्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत क्रिया आधारित शिक्षा के संबंध में प्रांतीय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे ने अपना प्रभावी बौद्धिक दिया प्रभावी शिक्षण कैसा हो इस संबंध में योगेंद्र सिंह राणा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने विचार व्यक्त किये मानव जीवन में योग का महत्व इस पर जयवीर शर्मा जिला सचिव धौलपुर ने प्रभावी वार्ता व्यक्त की इस अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर राजाखेड़ा मनिया एवं धौलपुर के आचार्य बंधु उपस्थित रहे अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों एवं आचार्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिलाधिकारी की पहल से अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कर्मियों की समस्याओं का हुआ समाधान



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द** मेहता,अल्मोड़ा मैग्नेटाइट लिमिटेड के कर्मचारियों एवं प्रबंधन के बीच लंबे समय से चल रहे वेतन सम्बन्धी विवाद का जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की विशेष पहल से नव वर्ष से पूर्व फैक्ट्री में कार्यरत को वेतन और बोनस की सौगात मिल गई है। जिलाधिकारी ने सभी कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी लंबित प्रकरण का निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया था। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा लगातार कंपनी के एमडी एवं जांच कमेटी से समीक्षा कराने के बाद मामले को गम्भीरता से लेते हुए एमडी को शीघ्र कम्पनी के खाते में अवशेष बोनस बचत राशि को तत्काल कर्मियों के खातों में भुगतान के सख्त निर्देश दिए ।जिसके बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के बोनस का भुगतान कर दिया गया है। जिससे श्रमिकों को नए साल से पूर्व बड़ी राहत मिली है ।पिछले दिनों कर्मचारी लंबित वेतन एवं बोनस की मांग को लेकर आंदोलित हुए थे ।जिसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय में कर्मचारियों ने क्रमिक अनशन भी किया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा कर्मचारी यूनियन एवं कंपनी प्रबंधन के साथ बैठक कर निष्पक्ष जांच हेतु समिति गठित की गई थी। जांच समिति की रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2024झ25 के लिए बोनस भुगतान लंबित पाया गया ।रिपोर्ट के आधार पर जारी निदेर्शों के अनुपालन में कंपनी के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार शर्मा ने अवगत कराया कि संस्थान के लगभग 227 कर्मचारियों के खातों में 48 लाख की बोनस राशि हस्तांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लंबित बोनस का भुगतान कर दिया गया है तथा माननीय न्यायालय के निदेर्शों के अनुसार कंपनी का संचालन सुचारू होने पर सभी कर्मियों का अवशेष वेतन एवं वित्तीय वर्ष 2025झ26 के बोनस का भुगतान यथाशीघ्र कर दिया जाएगा। जिस पर डीएम आकांक्षा ने कंपनी के एमडी को सभी कर्मचारियों को समान आधार पर बिना किसी भेदभाव के समय से उनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए ।साथ ही चेतावनी भी दी कि भविष्य में कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच किसी भी गतिरोध की शिकायत जिलाप्रशासन के पास नही आनी चाहिए।

# वर्ष-2025 : मेरठ परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण से जनसुरक्षा तक सशक्त सफलता

बुलंदशहर पुलिस उपमहानिरीक्षक, मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के कुशल निर्देशन में वर्ष 2025 के दौरान अपराध नियंत्रण, त्वरित न्याय, जनसुरक्षा एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में विभिन्न विशेष अभियानों जैसे *ऑपरेशन विवेचना, ऑपरेशन पहचान, ऑपरेशन प्रहार, ऑपरेशन संचार, ऑपरेशन शस्त्र, ऑपरेशन जालसाज, ऑपरेशन त्रिनेत्र, ऑपरेशन ब्लैक कैट, ऑपरेशन नकेल* आदि का सघन एवं प्रभावी संचालन किया गया तथा थाना एवं सर्किल स्तर पर बेहतर जनसुनवाई सुनिश्चित की गयी। उक्त अभियानों के परिणामस्वरूप अपराधियों के विरुद्ध कड़ी एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की गई, जिससे न केवल विगत वर्ष की तुलना में विभिन्न श्रेणी के अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।

# यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन ने 5100 चरण पादुका का लक्ष्य पूर्ण किया- प्रवीण कुमार शर्मा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** साल 2025 के अंतिम दिनों में यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन ट्रस्ट ने इस वर्ष का अपना संकल्प पूरा किया ।ट्रस्ट ने 5100 बच्चों तक चरण पादुका पहुँचाने का लक्ष्य रखा था, जिसे सदस्यों के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन ने तीन स्थानों पर अभियान चलाया, जिसमें कुल 179 बच्चों को जूते प्रदान किए गए। कंपोजिट स्कूल, गाँव आसिफपुर उज्जेड़ा,मुरादनगर में 114 बच्चों को चरण पादुका उपलब्ध कराई गई। अभियान में सुनीता शर्मा, रुचि विज, ज्योति कालरा, कंचन अग्रवाल, गौरव मेहरा, सचिन वधावन,



विशाल माहेश्वरी, रूपक मेहरा, गुरदीप सिंह, ईशान गिरी और प्रवीण शर्मा ने सहयोग किया। विद्यालय से प्रधानाध्यापक देव कुमार, पुष्पेंद्र वशिष्ठ, साजिद मलिक और करुणा ने सहयोग दिया। वसुंधरा, गाजियाबाद 31 बच्चों तक पहुँची चरण पादुका शिक्षा से शिखर तक संस्थाह्न में 31 बच्चों को जूते दिए गए। अभियान में धर्मेंद्र रुहेला,टीना रुहेला,अभिषेक मिश्रा और रुचि शर्मा शामिल रहे। संस्था की अध्यक्षा रजनी डौंडियाल जोशी का विशेष सहयोग मिला। मेरठ वैदिक गुरुकुल में 15 बच्चों को चरण पादुका गाँव सिसोली के वैदिक गुरुकुल में 15 बच्चों को जूते उपलब्ध कराए गए ।सहयोग करने वालों में वैभव कपूर और आकाश शर्मा शामिल रहे ।यह अभियान ह्यपहल-एक प्रयासह्न के बसंत चौहान के माध्यम से संचालित हुआ। 19 अतिरिक्त बच्चों को भी सहयोग सदस्या सुनीता शर्मा, रुचि विज और ईशान गिरी द्वारा चिन्हित 19 बच्चों को भी चरण पादुका प्रदान की गई। कुल 179 चरण पादुका वितरित किए गए। फाउंडेशन ने वर्षभर के अभियान में निरंतर सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सिद्धेश्वरी माता मन्दिर:नहर कोठी पर किया




वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** जिले के विधान सभा क्षेत्र बसेडी में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सिद्धेश्वरी माता मन्दिर:नहर कोठी पर किया गया शंकर आई हॉस्पिटल जयपुर ने दी सेवाएं स्थानीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से 'घर-घर गंगे सेवा समिति, बसेडी द्वारा एक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध शंकर आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं ।शिविर में आए सैकड़ों ग्रामीणों की आंखों की विस्तृत जांच की गई ।मोतियाबिंद, दृष्टि दोष और आंखों से संबंधित अन्य समस्याओं के लिए उचित डॉक्टरी परामर्श दिया गया ।स्थानीय सहयोग: कार्यक्रम का आयोजन 'घर-घर गंगे सेवा समिति' के तत्वावधान में किया गया, जनता का उत्साहशिविर के दौरान बड़ी संख्या में बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई जो बड़े शहरों में जाकर इलाज कराने में असमर्थ है इस शिविर का आयोजन बृजराज सिंह परमार के नेतृत्व में किया गया।

# संसद में गूंजेगा ग्रामीण पत्रकारों का मुद्दा- राम प्रसाद चौधरी



वेलकम इंडिया

**बस्ती।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर मंगलवार को अपनी मांगों के समर्थन में जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पत्रकारों ने सांसद बस्ती राम प्रसाद चौधरी को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष नें सांसद को बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के आवाहन पर संपूर्ण प्रदेश के 80 सांसदों को पत्रकार हितों की सुरक्षा हेतु ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम रखा गया है। श्री त्रिपाठी ने पत्र को पढ़ कर सांसद को अवगत कराया हुए मांग किया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तहसील स्तर पर कार्य करने वाले दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं को मान्यता प्रदान करने के लिए आदेश निर्गत किया जाए?। इसी के साथ पत्रकार हितों की रक्षा के लिए जिला स्तरीय स्थाई समिति की नियमित बैठकर कराई जाए, साथ ही मंडल मुख्यालय पर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में और तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया जाए और उसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए। सरकार द्वारा ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा से आच्छादित किए जाने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश स्तर पर गठित पत्रकार मान्यता समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के दो प्रतिनिधियों को भी सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए। संगठन के प्रदेश कार्यालय हेतु दारुलसफा लखनऊ में नि:शुल्क भवन उपलब्ध कराया जाए।

# भाजपा गाजियाबाद महानगर के नेतृत्व में गाजियाबाद विधानसभा अटल स्मृति समारोह संपन्न

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर के नेतृत्व में आज गाजियाबाद विधानसभा का अटल स्मृति संगोष्ठी समारोह ग्रैंडपाटन, पटेल नगर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष श्रीमान मयंक गोयल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद श्रीमान अतुल गर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदर विधायक श्री संजीव शर्मा द्वारा भी पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी के स्मरण साझा किए गए।

मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने सिद्धांतों और सुशासन को राजनीति का आधार बनाया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि अटल जी के विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके बताए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, संवाद और समरसता का प्रतीक है, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में पांचों मंडल अध्यक्ष, सम्मानित पार्षदगढ़, भाजपा नेता आदरणीय बलदेव राज शर्मा, श्री महेश अग्रवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष श्री अजय शर्मा, पूर्व महापौर श्रीमती आशा शर्मा, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, हाजी जमालुद्दीन अल्वी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक श्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि द्वारा किया गया तथा डॉ. रिचा भदौरिया सहसंयोजक रहीं। इस अवसर पर एस.आई.आर. को लेकर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई।

## किसान हत्याकांड का खुलासा, मुठभेड़ में आरोपी गुलहसन गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर।** सुल्तानपुर गांव में हुए किसान की निर्मम हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। थाना मुरादनगर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान आरोपी गुलहसन उर्फ गुल्ला को भोवापुर डबल रोड के पास घेर लिया। खुद को पुलिस से घिरा देख आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी अमित सक्सेना के अनुसार, थाना मुरादनगर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के साथ-साथ हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त की तलाश में लगी थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे से संबंधित अभियुक्त गुलहसन उर्फ गुल्ला भोवापुर रोड की ओर आ रहा है और उसके पास अवैध असलहा भी हो सकता है। सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ इलाके में घेराबंदी की गई। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर आरोपी भागने लगा और जंगल की ओर गिर पड़ा। पीछा किए जाने पर उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया, जिस पर आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद घायल आरोपी की पहचान गुलहसन उर्फ गुल्ला पुत्र जमालुद्दीन, निवासी ग्राम सुल्तानपुर, थाना मुरादनगर, उम्र लगभग 32 वर्ष के रूप में हुई।

## नववर्ष 2026 पर गाजियाबाद में सुरक्षा अलर्ट : दमकल विभाग की हर होटल, बार और रेस्टोरेंट पर पैनी निगरानी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नववर्ष 2026 का जश्न हर साल की तरह इस बार भी बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। लेकिन पिछले साल देश के कुछ हिस्सों में हुई आगजनी जैसी दर्दनाक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद प्रशासन और दमकल विभाग पूरी सतर्कता के साथ तैयारियां कर रहे हैं। विशेष रूप से गोवा के एक क्लब में हुई भयानक अग्निकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इसी को देखते हुए गाजियाबाद में नए साल की पूर्व संध्या पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीम ने पूरे जिले के 60 रेस्टोरेंट और बार तथा लगभग 250 होटलों में फायर सेफ्टी का निरीक्षण शुरू कर दिया है। इन प्रतिष्ठानों में नए साल के जश्न के दौरान आगजनी और भीड़ से होने वाले किसी भी अप्रिय हादसे को रोकने के लिए टीम अलर्ट रहेगी। राहुल पाल ने कहा कि फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं है। यह आमजन की सुरक्षा का वास्तविक प्रमाण है। जब तक सभी सुरक्षा मानक पूरे नहीं होंगे, तब तक किसी भी होटल या रेस्टोरेंट को जश्न आयोजन की अनुमति नहीं दी जाएगी। राहुल पाल की टीम ने रेस्टोरेंट और बार मालिकों को चेतावनी जारी की है कि बिना एनओसी और फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के किसी भी तरह का आयोजन निषिद्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपकरण, फायर अलार्म, इमरजेंसी निकास और पर्याप्त अग्निशमन उपकरण होना अनिवार्य है। इन मानकों का पालन न होने पर आयोजक पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने जिले में 8 हॉट स्पॉट चिन्हित किए हैं, जहां नए साल के मौके पर सबसे अधिक भीड़ उमडे की संभावना है। इन स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। चिन्हित हॉट स्पॉट में अटल चौक वसुन्धरा, काला पत्थर रोड, आदित्य मॉल इन्दिरापुरम, थाना टीलामोड, क्रासिंग रिपब्लिक, राजनगर एक्सटेंशन, पुराना बस अड्डा गाजियाबाद, राजचौपला मोदीनगर और थाना मुरादनगर व थाना लोनी शामिल हैं। राहुल पाल ने बताया कि इन हॉट स्पॉट पर प्रत्येक फायर स्टेशन से एक गाड़ी और चार से पांच कर्मियों की टीम तैनात रहेगी। टीम न केवल आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करेगी।



## बाइक निकालने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने, खुर्रमपुर गांव में जमकर बवाल

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर गांव में रविवार रात मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। बाइक निकालने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाए और जमकर पथराव किया, जिसमें दोनों ओर के सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, खुर्रमपुर गांव निवासी विनय कुमार शनिवार रात किसी काम से बाइक द्वारा मुरादनगर की ओर जा रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे बिछी चारपाई को हटाने को लेकर उनकी गुलफाम से कहासुनी हो गई। पहले जुबानी विवाद हुआ, लेकिन कुछ ही देर में मामला हाथापाई तक पहुंच गया।

## छात्रों का आईएमडी भ्रमण, मौसम विज्ञान की आधुनिक तकनीक से हुआ रूबरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस द्वारा छात्रों को सैद्धांतिक अध्ययन के साथ व्यावहारिक और औद्योगिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, लोदी रोड, नई दिल्ली का शैक्षणिक-औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को मौसम पूर्वानुमान में प्रयुक्त आधुनिक तकनीकों और डेटा आधारित प्रणालियों की कार्यप्रणाली से परिचित कराना रहा। इस भ्रमण की योजना स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस के निदेशक प्रो. (डॉ.) आर.सी. त्रिपाठी द्वारा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यह समझाना था कि रडार, सैटेलाइट और अन्य अत्याधुनिक मौसम प्रणालियों के माध्यम से मौसम से जुड़ी सटीक जानकारी किस प्रकार एकत्र की जाती है। इसके साथ ही तापमान, हवा, वर्षा और भूकंप से संबंधित आंकड़ों को एकत्र करने वाले उपकरणों और तकनीकों की भी विस्तृत जानकारी छात्रों को दी गई। आईएमडी परिसर में वैज्ञानिक डॉ. राजू भार्गव ने छात्रों को सरल भाषा में रडार की कार्यप्रणाली और मौसम संबंधी डेटा संग्रह की प्रक्रिया समझाई। वहीं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिल श्रीवास्तव ने बताया कि आईएमडी द्वारा एकत्र किया गया डेटा और सैटेलाइट चित्र किस प्रकार कृषि क्षेत्र में बेहतर पैदावार, मौसम अध्ययन, आपदा प्रबंधन तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस भ्रमण के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (एसोसिएट) गवेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय के शीर्ष प्रबंधन, सभी शिक्षकों एवं छात्र स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

## संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त ने सुनी जनसमस्या

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित 'संभव जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों के साथ शहरवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्माण और उद्यान विभाग की टीमों को मौके पर भेजा गया। संभव जनसुनवाई में कुल नौ संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें चार संदर्भ निर्माण विभाग, दो टैक्स विभाग तथा तीन संदर्भ उद्यान विभाग से संबंधित थे। नगर आयुक्त के निर्देश पर सभी विभागों ने अपने-अपने स्तर पर शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान राजनगर एक्सटेंशन, नंदग्राम, चिरंजीवी बिहार, लाल कुआं और जटवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए शहरवासियों ने अपनी समस्याएं सीधे नगर आयुक्त और निगम अधिकारियों के समक्ष रखीं। नागरिकों ने सड़क, जलनिकासी, पार्कों की स्थिति, टैक्स से जुड़े मामलों और अन्य नगर निगम सेवाओं से संबंधित मुद्दों पर शिकायतें दर्ज कराईं। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह तथा प्रभारी प्रकाश आश कुमार उपस्थित रहे और उन्होंने संबंधित शिकायतों पर विभागीय स्तर पर आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कई पार्षदों ने भी नगर आयुक्त से मुलाकात कर अपने-अपने वार्डों में चल रहे विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने तथा क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। इनमें अधिकांश विषय निर्माण विभाग से संबंधित रहे, जिन पर नगर आयुक्त ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि 'संभवज जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समयबद्ध समाधान करना है।

## रोड़ी सड़क पर फैल जाने से दो पहिया वाहन चालक हो रहे हैं दुर्घटना का शिकार

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर अभी हाल ही में बनी सड़क उखड़ने से कारण रोड़ी सड़क पर फैल जाने से दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। लोगों ने उखड़ी सड़क को ठीक करने तथा रोड़ी सड़क से साफ करने की मांग की है ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

रिषभ विहार निवासी राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मोदीनगर दिल्ली एनसीआर की लाइफ लाइन कहे जाने वाला दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग की हालत खस्ता है। सड़क बनते ही जगह-जगह सड़क में गड्ढे हो रहे हैं वह सड़क पर रोडी फैल रही है, जिसके चलते सड़क हादसे हो रहे हैं, और यातायात भी प्रभावित हो रहा है। इस सड़क को बने एक महिना भी नहीं हुआ है इसकी हालत दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। यह सड़क एनसीआरटीसी ने दिसंबर 2025 में बनाई थी यह हालत जब है जबकि बारिश भी नहीं आई है। मोदीनगर में सीकरी कला से लेकर रिषभ बिहार तक चलना किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है। हालात यह है पुरानी सड़क भी दिखनी चालू हो गई है। जिससे दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। दिल्ली मेरठ हाईवे पर चलना मुश्किल हो गया है। मुख्य मार्ग का यह हाल शासन प्रशासन को चुनौती दे रहा है। लाखों लोगों की समस्या पर किसका ध्यान नहीं है। लोगों ने उखड़ी सड़क को ठीक करने तथा रोड़ी सड़क से साफ करने की मांग की है ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## 1 जनवरी से आरटीई के तहत नि:शुल्क दाखिले के ऑनलाइन आवेदन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत दुर्बल वर्ग एवं अलाभित समूह के 3 वर्ष से अधिक और 7 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के नि:शुल्क दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 जनवरी से प्रारंभ होने जा रही है। आयु की गणना 1 अप्रैल के आधार पर की जाएगी।

इस योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र बच्चों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मादंड, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव स्वयं इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। प्रशासन की ओर से शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले अभिभावकों से अपील की जा रही है कि वे अपने वार्ड में स्थित निजी विद्यालयों के लिए, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक अपनी ग्राम पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों के लिए आरटीई पोर्टल पर अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें, ताकि दुर्बल वर्ग एवं अलाभित समूह के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा का अवसर मिल सके। इसी क्रम में मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद कार्यालय के सभागार में समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों, एसआरजी एवं एआरपी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आरटीई योजना की नियमावली से संबंधित पैंफलेट सभी उपस्थित सदस्यों को वितरित किए गए तथा निर्देश दिए गए कि इन्हें अधिक से अधिक सोसाइटी, घनी आबादी वाले क्षेत्रों और जनसभाओं में वितरित कर आम जनता को योजना के प्रति जागरूक किया जाए।

## नए साल पर हुड़दंग पर पुलिस का कड़ा पहरा, एक्सप्रेस-वे पर जश्न मनाने पर कार्रवाई तय

**गाजियाबाद।** नववर्ष के स्वागत को लेकर होने वाले जश्न के दौरान कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए गाजियाबाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। 31 दिसंबर को एक्सप्रेस-वे, एलिवेटेड रोड और अन्य प्रमुख मार्गों पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर ट्रैफिक पुलिस ने विस्तृत एडवाइजरी जारी की है, जो बुधवार शाम छह बजे से देर रात्रि तक प्रभावी रहेगी। पुलिस के अनुसार, नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर के रेस्तरां, मॉल, होटल, बार, क्लब और अन्य आयोजन स्थलों पर भारी भीड़ उमड? की संभावना है। इसके चलते दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, एलिवेटेड रोड, हापुड़ रोड और मेरठ रोड सहित अन्य मुख्य मार्गों पर यातायात दबाव बढ़ सकता है।

## नमामि गंगे गंगा विचार मंच के प्रदेश मीडिया संयोजक बने संदीप त्यागी 'रसम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से संबद्ध गंगा विचार मंच में मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता संदीप त्यागी 'रसम को उत्तर प्रदेश का प्रदेश मीडिया संयोजक नियुक्त किए जाने पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक पंडित अशोक भारतीय ने शाल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई नमामि गंगे परियोजना तथा जल शक्ति मंत्रालय के माननीय केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल के मार्गदर्शन में चल रहे गंगा स्वच्छता अभियान के लिए गंगा विचार मंच के प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संदीप त्यागी 'रसम की नियुक्ति से गंगा स्वच्छता के उद्देश्य को नई गति मिलेगी। अपने रचनात्मक अभियानों और जनआंदोलनों के माध्यम से समाज में विशिष्ट पहचान बनाने वाले तथा गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान के संयोजक संदीप त्यागी 'रसम से केंद्र सरकार को उम्मीद है कि वे नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा की शुद्धता और अविरलता बनाए रखने के लिए जनभागीदारी और जनजागरूकता को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाएंगे। पंडित अशोक भारतीय ने संदीप त्यागी 'रसम को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनका सामाजिक अनुभव और जनसंपर्क गंगा स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। वहीं जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल गाजियाबाद बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। सम्मान प्राप्त करने के बाद संदीप त्यागी 'रसम ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, सौरभ यादव, वीरेन्द्र कंडेरे सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे मां गंगा की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जनभागीदारी और जनजागरूकता के हर संभव प्रयास पूरी निष्ठा से करेंगे।